
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

तीन दशक बाद .....



चेहरा छुपाकर उठाई .....

वर्ष : 12 | अंक : 150 | लखनऊ, 23 मई, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पंजाब में बैलेट पेपर से होंगे निकाय चुनाव

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने 26 मई को पंजाब में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और



नगर पंचायत चुनावों में ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। इस याचिका में राज्य चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी।

### घरेलू विवाद में 2बच्चों की हत्या कर खुद दी जान

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शुक्रवार को



एक दंपती ने पारिवारिक विवाद के चलते कथित तौर पर अपने 2 नाबालिग बच्चों की हत्या कर दी और उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एएसपी सुखानंदन राठौर ने बताया कि यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के आर्य नगर की है।

### बस-ऑटो की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

गंजम। ओडिशा के गंजम जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।एक बस और ऑटो रिक्शा के



बीच टक्कर हो गई। इसमें 6लोगों की जान चली गई और 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ते अनुसार मृतकों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के बताए जा रहे हैं।

### डब्ल्यूएफआई को लगाई फटकार,फोगाट को राहत

नई दिल्ली। हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार



लगाई। डब्ल्यूएफआई ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि विशेषज्ञों की टीम बनाकर विनेश की स्थिति का मूल्यांकन करे और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह ट्रायल में हिस्सा ले सकें।

### नैनी में दो कारों में भिड़ंत में 3 की मौत

नैनी। यहां लेप्रोसी चौराहा और रेलवे डॉट पुल के बीच रीवा मार्ग पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हो



गया। एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर लांघते हुए दूसरी पटरी पर जा रहे मारुति कार से टकरा गई। हादसे में कार सवार पिता और उसके 2 पुत्रों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुत्री के साथ बहन और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता पर कहा

अदालत ने कहा कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए

# अगर अभ्यर्थी के माता-पिता आईएएस हैं तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिले?

» *न्यायमूर्ति नागरत्ना और भुइयां की पीठ ने कहा*

क्रीमी लेयर पर सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता के मुद्दे पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। पिछड़े वर्गों में क्रीमी लेयर को मिलने वाले आरक्षण लाभ से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल उठाया कि जिन परिवारों ने शिक्षा और आर्थिक रूप से प्रगति कर ली है, क्या उनके बच्चों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर दोनों माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं तो फिर उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता शशांक रतनू ने कहा कि लोगों को उनकी सैलरी की वजह से नहीं, बल्कि उनके सामाजिक दर्जे के आधार पर बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप-ए कर्मचारियों को बाहर किया गया है और ग्रुप-बी कर्मचारियों को भी बाहर किया जाता है।



### पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण मांगते रहे तो समाज बाहर नहीं निकल पाएगा

इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे में अगर अगली पीढ़ी भी आरक्षण मांगती रहेगी तो समाज कभी इससे बाहर नहीं निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यह भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं, अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके बच्चे फिर भी आरक्षण चाहते हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए।

### ईडब्ल्यूएस और क्रीमी लेयर के बीच अंतर हो: वकील

अधिवक्ता रतनू ने अदालत से कहा कि इस मुद्दे पर गहराई से विचार किए जाने की जरूरत है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और क्रीमी लेयर के बीच अंतर होना चाहिए। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ईडब्ल्यूएस में सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। रतनू ने कहा कि इसी वजह से क्रीमी लेयर के मानदंड ईडब्ल्यूएस की तुलना में अधिक उदार होने चाहिए। अगर दोनों को एक समान मान लिया जाएगा, तो दोनों के बीच कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

### गुजरात का मामला: चौंकाने वाले आदेश से उठते हैं सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतों द्वारा दिए गए चौंकाने वाले आदेश लोगों के मन में न्यायपालिका को लेकर विश्वास को हिला सकते हैं। कोर्ट की यह टिप्पणी गुजरात रेवेन्यू ट्रिब्यूनल से जुड़े एक विवादित मामले की सुनवाई के दौरान आई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच गुजरात हाईकोर्ट के सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा अगर कोई गलत आदेश पारित होता है तो उसे सुधारा जा सकता है।

### *कोर्ट ने कहा- संतुलन बनाए रखना जरूरी*

*सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मुद्दे में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपनी जगह है, लेकिन जब माता-पिता आरक्षण का लाभ लेकर एक निश्चित स्तर तक पहुंच चुके हैं और दोनों आईएएस अधिकारी या सरकारी सेवा में अच्छी स्थिति में हैं, तो सामाजिक गतिशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे लोगों को आरक्षण से बाहर रखने के आदेशों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।*

### *सामाजिक गतिशीलता मौजूद*

*कोर्ट ने यह भी कहा कि कई सरकारी आदेशों में पहले से ही ऐसे उन्नत वर्गों को आरक्षण का फायदा लेने से रोकने के प्रावधान हैं, लेकिन अब इन्हें चैलेंज किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक गतिशीलता मौजूद है। अब सरकारी आदेश हैं जो इन सभी लोगों को बाहर रखते हैं, और वे इस बहिष्कार पर सवाल उठा रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा।*

---

विज्ञान भवन में बीएसएफ के पदग्रहण समारोह में बोले

# घुसपैठियों को बाहर करने शून्य सहिष्णुता नीति अपनाएगा केंद्र

» *शाह ने 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना की घोषणा की*



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि सरकार सीमा पार घुसपैठ के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएगी। उन्होंने बताया कि देश की सीमाओं को सील करने और सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक व्यापक स्मार्ट बॉर्डर परियोजना इस वर्ष शुरू की जाएगी। शाह ने कहा कि अवैध प्रवासन जनसांख्यिकीय बदलाव लाने की एक सोची-समझी साजिश है, और सरकार हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे निर्वासित करेगी।विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पदग्रहण समारोह 2026 को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही।

### *2,70,000 कर्मियों के साथ बीएसएफ दुनिया में सबसे बड़ा सुरक्षा बल*

*शाह ने यह भी घोषणा की कि सीमा पर तैनात जवानों की सहायता के लिए जल्द ही एक उच्च-शक्ति जनसांख्यिकी मिशन शुरू किया जाएगा। शाह ने बीएसएफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 1965 में 25 बटालियनों के साथ शुरू हुआ यह बल अब 2,70,000 कर्मियों वाला दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बन गया है। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट योगदान और सर्वोच्च बलिदान के लिए बीएसएफ कर्मियों को सम्मानित भी किया।*

### *स्मार्ट बॉर्डर परियोजना का लक्ष्य*

*इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पूरी तरह से सील करना है। इसके तहत सीमा सुरक्षा बल को आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों से लैस किया जाएगा। यह पहल अगले एक वर्ष के भीतर पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य अवैध घुसपैठ को प्रभावी ढंग से रोकना है।*

### गृह मंत्रालय 6,000 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा

गृह मंत्रालय देश की 6,000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर एक अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले एक वर्ष के भीतर, स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के तहत, बीएसएफ को ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। शाह ने बीएसएफ से आग्रह किया कि वे घुसपैठ और पशु तस्करी के मार्गों की पहचान करने और उन्हें बंद करने के लिए राज्य पुलिस, जिला कलेक्टरों और ग्राम पटवारियों के साथ सीधे समन्वय करके अपने खुफिया नेटवर्क का विस्तार करे।

---

अजमेर शरीफ के दीवान चिस्ती बोले

## गाय को मिले राष्ट्रीय पशु का दर्जा मुसलमान समुदाय स्वागत करेगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान सैयद सरवर चिश्ती ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और देशभर में उसकी हत्या, कुर्बानी और बीफ निर्यात पर बैन लगाने की मांग की है।ईद-उल-अजहा से ठीक पहले 28 मई को होने वाले त्योहार के मद्देनजर शुक्रवार को बयान में चिश्ती ने कहा कि गाय हिंदू समुदाय की आस्था का प्रतीक है और उसे संवैधानिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से संसद का विशेष सत्र बुलाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने संबंधी कानून



लाने की अपील की। चिश्ती ने कहा, यह देखना बहुत जरूरी है कि इस विधेयक का समर्थन कौन करता है और विरोध कौन? इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठाकर सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक सम्मान के नजरिए से देखा जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि मुसलमान समुदाय इस कदम का स्वागत करेगा। मौलवी ने मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर भी निशाना साधा।

---

प्रधानमंत्री को झालमुड़ी खिलाई थी

## दुकानदार को मिल रहीं जान से मारने की धमकियां, पुलिस तैनात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं।पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे। व साहू और पीएम मोदी के बीच हुई बातचीत पूरे चुनाव में चर्चा का विषय बन गई थी। यही शोहरत अब



उसके लिए मुसीबत बन गई है। साहू ने कहा कि वह अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन कॉल के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। हथियार भी दिखा रहे हैं। उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है।

---

देशभर के युवाओं को आज मिलेगी बड़ी सौगात

## पीएम मोदी रोजगार मेले में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

19 वां आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पीएम मोदी 23 मई 2026 को देशभर के युवाओं को बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री शनिवार सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे और नए चयनित युवाओं से संवाद करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री की प्रमुख प्रतिबद्धताओं में शामिल है और रोजगार मेला उसी सोच को आगे बढ़ाने का माध्यम बन चुका है।

### *कई मंत्रालयों में मिलेगी नियुक्ति*

*रोजगार मेले के तहत चयनित उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत कई सरकारी विभागों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और संगठनों में भी युवाओं को नियुक्ति दी जाएगी।*

### *इसके पहले 12 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके*

*सरकार द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेलों के जरिए अब तक देशभर में 18 चरण आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 12 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।*

---

एजेंसी अब नहीं लेना चाहती किसी तरह का जोखिम

## पेपर लीक रोकने एनटीए ने कसी कमर, 30 दिन चुनौती भरे, सोशल मीडिया पर भी रखेंगे नजर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आगामी 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में एजेंसी जीरो ट्रस्ट नीति के तहत काम कर रही है।

एजेंसी अब किसी भी स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। पेपर लीक के बाद एनटीए अब कड़ी निगरानी, नियमित ऑडिट और सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग कर रहा है।

### गड़बड़ बन सकती है बड़ी मुसीबत




30 दिन के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करना एक बड़ी चुनौती है। अगर समय की कमी से कोई भी छोटी सी गड़बड़ हुई, तो यह एक बड़ी मुसीबत बन सकती है। परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद छात्रों और अभिभावकों में भारी गुस्सा देखा गया था। इसके बाद ही दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया। एजेंसी की जिम्मेदारी सिर्फ परीक्षा कराना ही नहीं है, बल्कि पूरी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखना भी है। एनटीए का मानना है कि वे छात्रों को बार-बार निराश नहीं कर सकते।

---

सुप्रीम कोर्ट ने वापस लिया आदेश

## एनसीईआरटी बुक का विवादित चैप्टर लिखने वालों की नहीं जाएगी नौकरी



एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब का विवादित चैप्टर लिखने वाले 3 शिक्षाविदों की माफी सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। विदित अध्याय के लिए जिम्मेदार माने गए माइकल डेनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्ना का माफीनामा सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अपना वह आदेश भी वापस ले लिया है, जिसमें शिक्षाविदों को किसी सरकारी संस्था में काम नहीं दिए जाने का निर्देश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाला बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कोर्ट के आदेश का वह हिस्सा हटा लिया है, जिसमें तीनों को सरकारी अनुदान वाली किसी संस्था में काम नहीं देने को कहा गया था।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों से कहा कि वह इन लोगों को जरूरत के मुताबिक काम देने पर विचार कर सकते हैं। कोर्ट की तरफ से कोई रोक नहीं है। हालांकि, केंद्र ने कहा कि उसने इन लोगों को स्कूली शिक्षा से जुड़ा काम न देने का फैसला किया है।

---

मौत के सन्नाटे में समाई थी जिंदगी

## 32 फीट की गहराई से निकला 26 साल पुराना राज, ड्रेस से खुलासा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाब की भाखड़ा नहर में करीब 26 साल पहले गिरी एक मारुति ओमनी वैन को अब बरामद किया गया है। वर्ष 2000 में कीरतपुर साहिब क्षेत्र के गांव कोटला के चार लोगों को लेकर ये वैन नहर में समा गई थी। हादसे के बाद लंबे समय तक तलाश चली लेकिन न शव मिले थे और न वाहन। अब 32 फीट की गहराई से भाखड़ा ने ये राज उगला है। गांव कोटला में सभी ने उम्मीद छोड़ दी थी कि आज से 26 साल पहले 20 अक्टूबर 2000 को नहर में गिरे लोगों का कभी पता भी चलेगा। इस वैन में कोटला में मिठाई



की दुकान करने वाले मुनी लाल (36), तेजराम (37) वैन के ड्राईवर, किसान सुरजीत सिंह और उसका आठ साल का बेटा कालू सवार थे। सभी शादी से लौट रहे थे तभी वैन के साथ सभी नहर में समा गए थे। तब परिजनों और गांव वालों ने उन्हें ढूंढने के लिए बहुत प्रयास किए थे लेकिन तब उनका कोई पता नहीं चल पाया था।

# जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** शुक्रवार को छावनी परिषद कार्यालय, लखनऊ के प्रांगण में जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी अभिषेक राठौर जी, सहायक निदेशक जनगणना निदेशालय उपासना गिरि एवं जिला प्रभारी जनगणना रमेश कुमार पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छावनी परिषद क्षेत्र में संचालित स्वगणना कार्य की सराहना की गई। साथ ही छावनी परिषद द्वारा चलाए गए स्वगणना अभियान एवं जनगणना कार्य हेतु की गई अग्रिम तैयारियों की भी विशेष प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि सीमित समयावधि में सुव्यवस्थित रूप से की गई तैयारियाँ जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से छावनी क्षेत्र के उन 8 प्रगणकों की प्रशंसा की, जिन्होंने सीमित समयावधि में अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में शत-प्रतिशत स्वगणना कि तथा लगभग 37 ब्लाक में 35ः से 45ः प्रगणको द्वारा अपने ब्लाक में स्वगणना किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को आगामी जनगणना कार्य हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ प्रदान कीं तथा कार्य के सफल, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा छावनी क्षेत्र में नियुक्त 17 सुपरवाइजर, 98 प्रगणकों को हरी झंडी दिखाकर जनगणना कार्य हेतु क्षेत्र में रवाना किया गया।

# दो साल बाद परिजनों को मिला मूक-बधिर बालक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाल संरक्षण और पुनर्वास व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। इसी संवेदनशील कार्यशैली का एक भावुक उदाहरण उस समय सामने आया, जब लगभग दो वर्षों से घर से लापता एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड, लखनऊ के प्रयासों से उसके परिवार से मिलवाया गया। परिवार ने जिस बेटे के लौटने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, उसे योगी सरकार की सक्रिय व्यवस्था और अधिकारियों की संवेदनशीलता ने फिर से अपने परिजनों से मिला दिया। शुक्रवार को जब यह बालक पश्चिम बंगाल से आए परिजनों को सौंपा गया तो भावुक होकर उन्होंने योगी सरकार को शुक्रिया कहा। दरअसल, बाल कल्याण समिति मेरठ के आदेश पर 12 सितंबर 2025 को करीब 13 वर्षीय एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड में प्रवेश दिलाया गया था। बालक बोल और सुन नहीं सकता था, इसलिए वह अपना नाम, पता या परिवार की कोई जानकारी देने में असमर्थ था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बालगृह प्रशासन ने उसकी पहचान जानने के प्रयास लगातार जारी रखे। बालक की देखभाल के साथ-साथ उसकी पहचान पता लगाने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर लगातार काम किया गया। इसी बीच इस बालक का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जब बालक ने स्कैन मशीन पर उंगलियों के निशान दिए तो पूर्व में बने आधार कार्ड का विवरण सामने आ गया। इस आधार कार्ड से बालक का पता पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के ग्राम गंगासार का मिला।

# 71.50 करोड़ से वैश्विक पर्यटन केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल की पैतृक भूमि को वैश्विक मानचित्र पर मिलेगी विशिष्ट पहचान

अमन लेखनी समाचार

**आगरा।** योगी सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पैतृक भूमि और 101 प्राचीन शिव मंदिरों की श्रृंखला के लिए प्रसिद्ध आगरा के 'बटेश्वर धाम' को आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत 71.50 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अब तक 56.11 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बटेश्वर धाम में विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और इस पूरी परियोजना को दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

- डिजिटल माध्यम से जीवंत होंगी वेदों, शिव पुराण और समुद्र मंथन की कथाएं

श्रद्धालुओं और देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को बेहद आधुनिक रूप दिया जा रहा है। विज़िटर सपोर्ट एवं आवास क्षेत्र के तहत यहाँ विशाल पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय और महिला व पुरुष आगंतुकों के लिए करीब 20 कमरों की क्षमता वाले अलग- अलग सर्वसुविधायुक्त डॉरमेट्री का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफेटेरिया, फूड कियोस्क, सोवेनियर शॉप और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव जोन तैयार किया जा रहा है। पर्यटक यहां के शांत और रमणीय वातावरण का आनंद ले सकें, इसके लिए ओपन सीटिंग एरिया सहित एक आधुनिक पर्यटन सुविधा केंद्र भी बनाया जाएगा। आध्यात्मिकता और संस्कृति के इस अनूठे संगम में पर्यटकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बेहद अद्भुत अनुभव मिलेगा। यहां विकसित की जा रही इंटरैक्टिव गैलरी और थीम आधारित आकर्षण श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक विरासत के करीब लाएंगे। अलग-अलग गैलरी में चारों वेदों और शिव पुराण की पावन कथाओं को अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। 'चार धाम गैलरी' और 'समुद्र मंथन गैलरी' बनाई जा रही हैं।

शिव सहस्त्रनाम खंड में भगवान शिव के विविध स्वरूपों और उनकी महिमा को प्रदर्शित करने के लिए विशेष थीम आधारित इंस्टॉलेशन लगाए जाएंगे। 'सेंट्रल लैंडस्केप क्षेत्र' के समीप भगवान शिव की ध्यानमग्न मुद्रा में एक भव्य और विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता को नया विस्तार देते हुए इस परियोजना के अंतर्गत पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) को समर्पित एक भव्य 'पंचभूत शिव स्कल्पचर गार्डन' विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही देश के पवित्र 12 ज्योतिर्लिंगों की सुंदर प्रतिकृतियों से सुसज्जित 'शिवलिंगम पार्क' और यमुना नदी व भगवान शिव के प्राचीन आध्यात्मिक संबंध को दशार्ने वाला मनमोहक 'कालिंदी वनम' भी तैयार किया जा रहा है। इस परिसर की भव्यता को संपूर्णता देने के लिए सेवा के प्रतीक भगवान नंदी की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बटेश्वर धाम का यह समेकित विकास उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

'हेरिटेज रिवाइवल कॉरिडोर' के रूप में परिकल्पित यह परियोजना बटेश्वर की प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं से जोड़ेगी।

# प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और कांग्रेस पार्टी की हताश मानसिकता को प्रदर्शित करने वाली है। उन्होंने कहा यह बयान केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं का भी अपमान है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के विकास, सुरक्षा और सम्मान के प्रतीक के रूप में देखती है।

उन्होंने अजय राय के बयान को निम्नस्तरीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राजनीतिक रूप से पूरी तरह दिशाहीन और जनसमर्थन विहीन हो चुकी है। जब जनता के बीच उनके पास विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण और जनहित के मुद्दों पर कहने के लिए कुछ नहीं बचता, तब उनके नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेकर अपनी कुंठा प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस प्रधानमंत्री ने अजय राय के अस्वस्थ होने पर सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी, आज उसी संवेदनशील और जनसेवा के लिए समर्पित प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस नेता अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस की तथाकथित मोहब्बत की दुकान का वास्तविक चेहरा आज देश के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। उनके शब्दों में कटुता, व्यवहार में अहंकार और राजनीति में केवल विभाजन एवं नकारात्मकता दिखाई देती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। गरीब कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक, किसानों से लेकर युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण तक, हर क्षेत्र में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यही कारण है कि देश की जनता लगातार प्रधानमंत्री पर अपना विश्वास व्यक्त कर रही है और कांग्रेस पार्टी इसी जनसमर्थन से घबराकर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में वैचारिक विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन मर्यादा और शालीनता भारतीय राजनीति की मूल आत्मा है। व्यक्तिगत अपमान और अभद्र टिप्पणियां कांग्रेस के राजनीतिक पतन को और अधिक तेज करेंगी।

जनता सब देख रही है और ऐसे अपमानजनक व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वे तत्काल इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और अपने नेताओं को संयमित एवं मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की सीख दें।

# भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार के दो कार्यकाल बिना किसी उपलब्धि के समाप्ति की ओर है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया है। किसानों की फसलों की लूट मची है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा राज में महिलाएं उपेक्षित और अपमानित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। इस सरकार ने प्राइमरी स्कूलों की दुर्दशा कर दी है। लगभग 70 हजार स्कूल बंद कर दिए। हजारों स्कूलों में एडमिशन शून्य है। अस्पतालों में मरीजों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। मरीज मारे-मारे फिर रहे हैं।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चालाक और अहंकारी पार्टी है। इसने लोकतंत्र को धोखा दिया है। भाजपा राजनीतिक दल नहीं गैंग है। भाजपाई गरीबों और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। भाजपा ने भूमाफिया बनाये हैं। उन्हें संरक्षण देती है। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव यूपी की जनता के भविष्य का चुनाव है। चुनाव में भाजपा को दो दशक का हिसाब देना होगा। उत्तर प्रदेश की जनता की ताकत भाजपा का सफाया कर देगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि भाजपा सपा को बदनाम करने की रणनीति बनाएगी। तरह-तरह के हथकंडे अपनाएगी लेकिन इस बार भाजपा की कोई चालाकी काम नहीं आएगी। जनता भाजपा के कुशासन से बहुत नाराज है। जनता सपा के साथ है। पूरा पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है। आम जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के आतुर है। उन्होंने कहा कि सपा का दृष्टिकोण व्यापक है। सपा विकास की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलती है। लोकतंत्र को मजबूती देती है। भाजपा सामाजिक न्याय विरोधी है। भाजपा आरक्षण की लूट कर रही है। पीडीए का हक खा रही है। पीडीए समाज की संख्या और जनाधार की तुलना में भाजपा की स्थिति शून्य है। संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने को उत्तर प्रदेश की जनता 2027 चुनाव का इंतजार कर रही है।

# कई नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता



**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय की उपस्थिति में सोनभद्र के जिला अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी के प्रयासों से घोरावल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं अपना दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरज चौबे, अपना दल एस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, अपना दल (एस) के पूर्व सचिव परमेश्वर अग्रहरि, बौद्धिक मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह एवं जिला सचिव आजाद राय ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। मलिहाबाद क्षेत्र निवासी चांदनी रावत पुत्री रमेशचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 30 मार्च 2026 को ढेढ़ेमऊ निवासी सूरज पुत्र छोटा के साथ आर्य समाज मंदिर अलीगंज में हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद पति और ससुराल पक्ष ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता के मुताबिक पति सूरज, उसके पिता छोटा, भाई जितेंद्र समेत अन्य परिजनों ने दहेज में टाटा नेक्सन कार, पांच लाख रुपये नकद, सोने की चेन और होटल में भव्य शादी की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसे घर में रखने से मना कर दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती है। इतना ही नहीं, आरोपी मायके पहुंचकर भी धमकाते हैं, जिससे वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।लाहार क्षेत्र में राजा कंसा पासी का शासन था। उनका आरोप है कि ढांचे के अंदर बनी समाधि हाल के वर्षों में बनाई गई है और बाहर लगा बोर्ड भी हाल ही में लगाया गया है।

# सेना में बढ़ी यूपी की देसी गायों के हाई प्रोटीन गो उत्पादों की डिमांड

## एनसीआर से लेकर चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई तक ऑनलाइन सप्लाई

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध और गो उत्पादों की भारतीय सेना में मांग बढ़ी है। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर यह दूध सैनिकों की फिटनेस और पोषण जरूरतों के लिए उपयोगी माना जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे इन प्रीमियम गो उत्पादों की आपूर्ति अब एनसीआर के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े महानगरों तक ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है।

अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में पहुंच रहे यूपी के देसी गाय के दूध ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

प्रयागराज के रहने वाले इंजीनियर एस एन द्विवेदी ने नोएडा में रोजगार के साथ गो संरक्षण और गो सेवा के जरिए आर्थिक समृद्धि के नए मॉडल का बड़ा उदाहरण दिया है। उनकी गोशाला की गिर, साहीवाल समेत अन्य देसी नस्लों की गायों के दूध में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन और प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही कारण है कि भारतीय सेना में इसके उपयोग को लेकर लगातार मांग बढ़ रही है। देसी गाय का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को ऊर्जा देने और मांसपेशियों को मजबूती देने में सहायक माना जाता है। आधुनिक तकनीक से प्रोसेस होने के कारण इसकी गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर सेना और उपभोक्ताओं के बीच भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे गो उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं।

- प्रदेश में आइसलैंड और डेनमार्क की तकनीक से तैयार हो रहा प्रीमियम दूध

एनसीआर के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे देश के बड़े महानगरों में इसकी ऑनलाइन आपूर्ति तेजी से बढ़ी है। हाई प्रोटीन और प्रीमियम क्वालिटी के कारण फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक लोगों के बीच इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। 165 रुपये प्रति लीटर तक बिक रहा यह दूध प्रदेश की गो आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में पहली बार आइसलैंड और डेनमार्क की अत्याधुनिक डेयरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की गई है। दूध को पूरी तरह स्वच्छ वातावरण में तैयार किया जाता है ताकि उसकी पौष्टिकता और गुणवत्ता बरकरार रहे। यही वजह है कि प्रदेश का यह मॉडल देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे अपनी तरह का देश का पहला अभिनव प्रयोग माना जा रहा है। नोएडा में 200 देसी गायों की डेयरी संचालित कर रहे इंजीनियर एस एन द्विवेदी अब अलीगढ़ में 500 गायों की अत्याधुनिक गोशाला तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें गो सेवा और गो संरक्षण के कार्यों को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने गो सेवा के जरिए रोजगार और आर्थिक समृद्धि का ऐसा मॉडल पेश किया है, जिसकी अब देशभर में चर्चा हो रही है। आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति को जोड़ते हुए उन्होंने यह साबित किया है कि गो संरक्षण गांवों की अर्थव्यवस्था बदलने का बड़ा माध्यम बन सकता है। प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयास अब जमीन पर बड़े बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। गोशालाओं, आधुनिक डेयरी तकनीक और ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए प्रदेश का देसी गाय आधारित मॉडल राष्ट्रीय पहचान बना चुका है। गो सेवा के जरिए जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, वहीं भारतीय सेना तक पौष्टिक गो उत्पाद पहुंचाकर इसे राष्ट्रसेवा से भी जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार के संरक्षण में गो आधारित अर्थव्यवस्था अब आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बनती दिखाई दे रही है।

# वकीलों के लिए अजय राय ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राजधानी के न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण, अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग तथा न्यायिक व्यवस्था पर उत्पन्न संकट को देखते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अधिवक्ता हितों को देखते हुए मांग की हैं। उन्होंने पत्र में लखनऊ जिला न्यायालय परिसर में ध्वस्त किए गए अधिवक्ताओं के चैम्बरों के संबंध में न्यायोचित एवं मानवीय समाधान सुनिश्चित किए जाने, प्रभावित अधिवक्ताओं को उसी परिसर अथवा समीपस्थ क्षेत्र में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाने, अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने तथा न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने पर गंभीर विचार किए जाने की मांग की है।

# बाजार गई युवती लापता, मुस्लिम युवक पर जबरन अपहरण का आरोप

## पीजीआई कोतवाली पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई।पीजीआई कोतवाली के अंतर्गत संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान के परिसर में रहने वाली एक युवती बीते गुरुवार लापता हो गई, पीड़ित परिवार ने एक मुस्लिम युवक पर आरोप लगाते हुए पीजीआई पुलिस को नामजद नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बृजमोहन सिंह बेटी अन्नू कुमारी और परिवार के साथ पीजीआई अस्पताल परिसर के टाइप 1/13 में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी युवक इरशाद अली कई बार पहले भी उनकी बेटी को परेशान कर चुका है, जिसकी शिकायत उन्होंने पीजीआई कोतवाली पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कठोर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण बीते गुरुवार को तेलीबाग बाजार स्थित वी 2 मार्ट नौकरी के लिए गई लेकिन उनकी बेटी वापस नहीं लौटी, और उसका मोबाइल फोन बंद हो गया।सीसीटीवी फुटेज में वह आरोपी युवक के साथ दिखाई दे रही है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को इरशाद अली ही जबरन अपहरण कर ले गया है पीजीआई कोतवाली पुलिस पीड़ित परिवार की तहरीर पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच पड़ताल कर रही है।

# ईंट भट्ठा मैनेजर व चौकीदार से मारपीट, एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा

मीरजापुर। जिगना। थाना क्षेत्र के गौरा गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर कामकाज के हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद में भट्ठा मैनेजर और चौकीदार के साथ मारपीट तथा जातिसूचक गालियां देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जेसीबी मालिक समेत चार लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र बेचन लाल ने जिगना थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि कुछ लोग जेसीबी मशीन से कराए गए कार्य का हिसाब मांगने के लिए ईंट भट्ठे पर पहुंचे थे। इसी दौरान कहासुनी के बाद आरोपितों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। मारपीट में भट्ठा मैनेजर विनोद कुमार तथा चौकीदार राम चन्दर सरोज पुत्र हूबलाल घायल हो गए।

# कसमंडी कला में पुराने ढांचे को लेकर बढ़ा विवाद, पुलिस की निगरानी में हुई जुम्मे की नमाज

## पुलिस छावनी में तब्दील हुआ गांव, सूरज पासी समेत कई लोग नजरबंद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के कसमंडी कला गांव में एक पुराने ढांचे को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। विवाद इस बात को लेकर है कि संबंधित स्थल मंदिर है या मकबरा। शुक्रवार को मामला उस समय और तूल पकड़ गया जब पुलिस की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोग वहां नमाज पढ़ने पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, सामान्य दिनों में जहां 10 से 15 लोग नमाज पढ़ने आते थे, वहीं शुक्रवार को करीब 200 लोग मौके पर पहुंच गए। इससे दूसरे पक्ष में नाराजगी फैल गई और पासी समाज के लोग भी विवादित स्थल पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी समेत कई लोगों को एहतियातन घरों में नजरबंद किया गया है। डीएम विशाख जी. ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को गांव में 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### जांच पूरी होने तक धार्मिक गतिविधियों पर रोक की मांग

शुक्रवार को विवादित स्थल पर नमाज पढ़े जाने के बाद पासी समाज में आक्रोश बढ़ गया है। सूरज पासी का कहना है कि मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच और महाराजा कंसा पासी के किले के पुनर्जीवन की मांग की जा चुकी है। उनका आरोप है कि जांच पूरी होने से पहले वहां नमाज की अनुमति देना गलत है। पासी समाज का दावा है कि यह स्थान महाराजा कंसा पासी का किला और शिव मंदिर था, जहां पहले पूजा-अर्चना होती थी। समाज के लोगों का कहना है कि जब तक पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक वहां किसी भी प्रकार की धार्मिक गतिविधि पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### मुस्लिम पक्ष बोला- सैकड़ों वर्षों से होती आ रही नमाज

वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह स्थल एक प्राचीन मकबरा है, जहां उनके पूर्वज वर्षों से नमाज अदा करते आए हैं। उनका कहना है कि इस स्थल पर किसी अन्य पक्ष का दावा उचित नहीं है। यह विवाद उस समय और चर्चा में आया था जब पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने कसमंडी में आयोजित एक जनसभा में राजा कंसा पासी के इतिहास और शौर्य का उल्लेख किया था। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर भी मौजूद थे।

### पासी समाज ने रखे ऐतिहासिक दावे

पासी समाज का दावा है कि पीएचसी के पीछे बने दो पुराने ढांचे राजा कंसा पासी के शिव मंदिर थे, जिन्हें बाद में मकबरे का स्वरूप दे दिया गया। समाज के लोगों का कहना है कि ढांचे पर नाग कलश जैसी आकृतियां बनी हुई हैं, जो मंदिर स्थापत्य का हिस्सा हैं। इतिहासकारों के हवाले से समाज के लोगों का कहना है कि 980 से 1031 ईस्वी के बीच कसमंडी कंवलाहार क्षेत्र में राजा कंसा पासी का शासन था। उनका आरोप है कि ढांचे के अंदर बनी समाधि हाल के वर्षों में बनाई गई है और बाहर लगा बोर्ड भी हाल ही में लगाया गया है।

# बिजली कटौती पर सड़क जाम, 150 अज्ञात लोगों पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में बिजली कटौती से नाराज लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। गुरुवार सुबह उत्तरेठिया अंडरपास के पास रायबरेली-लखनऊ मार्ग पर लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मामले में पुलिस ने 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, साउथ सिटी चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह अपनी टीम के साथ बिजली उपकेंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि करीब 100 से 150 लोगों ने उत्तरेठिया अंडरपास के पास सड़क जाम कर दी है, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को सड़क खाली करने के लिए समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली। घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रदर्शन में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

## संक्षेप

### मामूली से विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र की बदरका चौकी अंतर्गत बंथर बाजार में दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे और जमकर मारपीट हुई। इस घटना में कई युवक घायल हो गए। बाजार में अचानक हुई मारपीट से अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंथर बाजार में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडों से हमला शुरू हो गया। मारपीट के दौरान बाजार में काफी देर तक हंगामा होता रहा। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे। घटना में कई युवकों के चोटिल होने की जानकारी सामने आई है। कुछ घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। मारपीट की घटना से बाजार में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो विवाद और बढ़ सकता था। सूचना मिलते ही अचलगंज थाना पुलिस और बदरका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों के बारे में जानकारी जुटाई। घटना के बाद कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिलने के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बाजार और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

### अनियंत्रित कार पलटी दो युवक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। देवखरी चौकी के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, फतेहगढ़ जनपद के कर्नलगंज निवासी 40 वर्षीय अमित (पुत्र राधेश्याम) और 32 वर्षीय मोहित (पुत्र सूरजपाल) लखनऊ से फरुर्खाबाद स्थित अपने घर लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे एक्सप्रेसवे पर देवखरी चौकी के निकट उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई, जिससे कार पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना की जानकारी फोन द्वारा घायलों के परिजनों को दे दी है। यूपीडा टीम ने क्षतिग्रस्त कार को मौके से हटवाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात को सुचारु कर दिया है।

## गौवंश संरक्षण व संवर्धन को लेकर डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गौवंश संरक्षण और संवर्धन को लेकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों और पशु चिकित्सकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। विकास भवन सभागार में हुई इस बैठक में गौशालाओं की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में पाई गई लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के तत्काल निर्देश दिए। बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने अधिकारियों और डॉक्टरों से प्रत्येक गौशाला के निरीक्षण, हरे चारे, भूसे, टीन शेड, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, बीमार पशुओं के इलाज और मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। समीक्षा में यह सामने आया कि कुछ गौशालाओं में पशुओं को केवल सूखा भूसा दिया जा रहा था, जबकि हरे चारे, खली और चोकर की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीर आपत्ति जताई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध कराया जाए और पशुओं को भूसे के साथ हरा चारा, चोकर तथा खली मिलाकर खिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी केवल सूखा भूसा दिए जाने की शिकायत मिली, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी ने प्रत्येक गौशाला में टीन शेड की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीन शेड के ऊपर पुवाल डालकर सुबह-शाम पानी का छिड़काव किया जाए, ताकि पशुओं को गर्मी से राहत मिल सके। साथ ही, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया, जिससे पानी के अभाव में किसी पशु को परेशानी न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने बीमार पशुओं के समय पर उपचार और मृत पशुओं के विधिवत निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रूप से कार्यरत हों। यदि किसी गौशाला की बाउंड्री क्षतिग्रस्त है, तो उसकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। इसके अतिरिक्त, पशुओं को छांव प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराने के निर्देश भी दिए गए।

इस बैठक में परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह और जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिओम पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी और पशुपालन विभाग के चिकित्सक मौजूद रहे।

## सीएचसी का हुआ औचक निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान दिखा कमियों के अंबार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अपर निदेशक स्वास्थ्य के निर्देश पर मंडलीय सर्विस अधिकारी डाक्टर उमेश सचान शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे निरीक्षण करने असोहा सीएचसी पहुंचे। उमेश सचान ने सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव कक्ष में भर्ती प्रसूताओं निर्मला व राजकुमारी से जानकारी ली। प्रसूताओं ने बताया कि वह एक दिन पहले गुरुवार रात को प्रसव पीड़ा होने पर आई थी। जिसपर मंडलीय सर्विस अधिकारी ने खाना मिलने की बात पूछी। उक्त प्रसूताओं ने खाना न मिलने तथा सुबह नास्ता नही मिलने की जानकारी दी। जिसपर उन्होंने ने भारी नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद स्टॉप नर्स ममता से उन्होंने कहा कि आप के कोई अभिलेख सही नही है आप मेरे साथ हो और मरीज को पहले से ही डिस्चार्ज कर दिया, स्टाफ होने के बाद भी इतनी लापरवाही की अभिलेख तक नही दुरस्त है। इसके बाद वह उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों को देखा। उपस्थिति रजिस्टर में लगभग आधा दर्जन स्टाप के उपस्थित न होने पर अधीक्षक वीपी सिंह से जानकारी की। लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिसपर जांच अधिकारी ने अपनी डायरी में नामों को नोट किया है। जांच अधिकारी को जांच के दौरान सीएचसी में बने शौचालय में भारी गंदगी मिली। जबकि दवा कक्ष में फ्रीजर न चलने की जानकारी लेने पर फार्मासिस्ट द्वारा इनवर्टर न होने व लाइट आने पर फ्रीजर चलने की जानकारी दी गई, इस पर उन्होंने कहा कि इसतरह की व्यवस्था में जरूरी दवाएं खराब होजाएँगी इसका कौन जिम्मेदार होगा। इमरजेंसी कक्ष में रखा आक्सीजन सिलेंडर 2025 का मिला। जबकि ऑक्सीजन मशीन भी बंद पड़ी मिली तथा माश्क भी निस्प्रयोज मिला। पैथॉलजी कक्ष पहुंचने पर स्वयं की हीमोग्लोबिन व सुगर की जांच कही तो हिमोग्लोबिन जांच के लिए पेपर उपलब्ध न होने व सुगर जांच के लिए स्ट्रिप की कमी होने की बात सामने आई। सीएचसी में भारी अव्यवस्थाओं के मिलने पर जांच अधिकारी ने भारी नाराजगी जताई है। मंडलीय सर्विस अधिकारी डाक्टर उमेश सचान ने बताया कि अपर निदेशक स्वास्थ्य के निर्देश पर जांच की गई है। सीएचसी में भारी अनियमितता पाई गई है, सुबह मैं आठ बजे आ गया था आधे से ज्यादा स्टाफ मेरे सामने आया, वही प्रभरी चिकित्सा अधिकारी वी पी सिंह स्वयं सवा नव बजे आये है। उन्होंने कहा रिपोर्ट शासन को दी जाएगी। आगे की कार्यवाही शाशन करेगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी लगभग तीन घण्टे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रहे। जांच के दौरान बराबर स्वास्थ्य केंद्र पर

## इलेक्ट्रानिक बैटरी शोरूम में लगी आग लाखो का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्रवार की सुबह सोहरामऊ कस्बे में अज्ञात कारणों से इलेक्ट्रिक बैटरी शोरूम में भीषण आग से सात स्कूटी व 50 बैटरियां जलकर राख, सोहरामऊ कस्बे में स्थित इंद्रासेन पटेल की इलेक्ट्रिक बैटरी के शोरूम में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां खड़ी सात इलेक्ट्रिक स्कूटी तथा करीब 50 बैटरियां जलकर राख हो गईं। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन बैटरियों में लगी आग तेजी से फैलती गई। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने स्थिति संभाली और दमकल विभाग को सूचना दी। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उन्नाव से पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी भीषण थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। घटना से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। घटना के बाद कस्बे में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

## राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग इंस्टिट्यूट इनोवेशन सेल कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड असोहा कांथा कालूखेड़ा राजकीय राज्य मार्ग स्थित राजकीय महाविद्यालय गोसाईखेड़ा में प्राचार्य प्रोफेसर दीप्ति खरे के कुशल नेतृत्व में करियर काउंसलिंग सेल तथा इंस्टिट्यूट इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर दीप्ति खरे द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय से आस्था सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को रोजगार से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे कैरियर के महत्व, स्वॉट एनालिसिस, रिज्यूम बनाना, सेवायोजन की वेबसाइट पर सरकारी, आउटसोर्सिंग तथा प्राइवेट नौकरी के लिए आवेदन की प्रक्रिया, इंटरव्यू से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं के बारे में सूचनाएं प्रदान की, सेवायोजन कार्यालय से ही आए अनुपम सिंह ने व्यक्तित्व विकास तथा करियर में राजकीय संस्थाओं के महत्व पर प्रकाश डाला एवं विविध प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अभ्युदय कोचिंग में होने वाले पंजीकरण के बारे में जानकारी दी तत्पश्चात आईपीएसआर ग्रुप की डॉक्टर एकता रस्तोगी ने एमसीए, एमबीए, बीटीसी के रजिस्ट्रेशन तथा उससे होने वाली करियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कैरियर काउंसलिंग सेल की प्रभारी डॉ कीर्ति मदनानी व सदस्य प्रेरणा त्रिपाठी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीक्षा शर्मा ने किया, कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ रश्मि श्रीवास्तव, डॉआर पी वर्मा डॉ ज्योति वाजपेई, डॉ सुनीता रावत, डॉ प्रशांत सिंह, डॉ सोहन यादव, डॉ डॉ गुरु प्रसाद राठौर, प्रियंका गौड़, डॉ राधेश कुमार तथा कर्मचारी बंधु विवेक तिवारी, समीर कुमार यादव, राजेश कुमार, महेश कुमार तथा विपिन कुमार उपस्थित रहे कार्य क्रम में छात्र छात्राओं को किट वितरण किये गए।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत, चार घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। गुरुवार दोपहर दो बाइको में आमने सामने भिड़ंत होने पर पांच किशोर घायल होकर बाइक समेत खंती में जा गिरे। राहगीरों की मदद से घायलों को खंती से निकलवाकर परिजनों को सूचना दी गयी। जहां पर परिजन पांचों को बिछिया अस्पताल लेकर पहुँचे जहां से तीन का उपचार कर घर वापस भेज दिया गया व दो किशोरों को जिलाअस्पताल भेज दिया गया। जिलाअस्पताल से हैलट रेफर हुए इलाज के दौरान एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। मृतक के चाचा मनोज की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पीएम कराया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर निवासी रितिक 14 वर्ष पुत्र रामभजन अपने दोस्तों में लवकुश व रौनक के साथ बाइक पर सवार होकर मऊ गाँव की ओर जा रहे थे। वही दूसरी ओर मऊ गाँव की ओर से एक बाइक पर सवार दो मऊ गांव निवासी किशोर अचानक आमने सामने आ जाने पर दोनों बाइको में जोरदार भिड़ंत होने पर 2 बाइको में सवार 5 किशोर खंती में बाइक समेत जाकर पलट गए। राहगीरों की मदद से पांचों घायलों को खंती से बाहर निकालकर जामुन के पेड़ की नीचे लिटाकर उनके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुँचे परिजन निजी वाहन से बिछिया अस्पताल लेकर पहुँचे। जहां पर रितिक व लवकुश को जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया। वही अन्य तीन किशोरों को उपचार कर घर वापस भेज दिया गया। जिलाअस्पताल रेफर हुए रितिक की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने जिलाअस्पताल से हैलट कानपुर रेफर कर दिया जहां पर रितिक उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। वही लवकुश का इलाज जिलाअस्पताल में चक रहा है। मृतक के चाचा मनोज कुमार ने घटना की जानकारी पुरवा पुलिस को दी थी। मृतक रितिक जरगांव के एक निजी इंटर कॉलेज में कक्षा 10 वीं का छात्र था। मृतक रितिक अपने माँ पिता का इकलौता पुत्र था। रितिक की मौत से बहन रिया, मां मंजू देवी के घर का इकलौता चिराग बुझने से रो रोकर बुराहाल है।

कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शव को पीएम को भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या परिजनो ने एक युवक पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछिया निवासी विश्राम के घर में रह रही 15 वर्षीय नातिन रितिका ने शुक्रवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे कमरे में छत पर लगे कुंडे में गमछे के सहारे फंदा लगा जान दे दी। परिजनों ने एक युवक पर फोन कर प्रताड़ित करने व इसी से ऊब कर फांसी लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी

थाना दही क्षेत्र के गांव बरिगवां निवासी बाबू की 15 वर्षीय बेटी रितिका पुरवा क्षेत्र के गांव बिछिया निवासी अपने नाना विश्राम के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह उन्नाव शहर के एक निजी विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा थी। शुक्रवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे रितिका कमरे की छत पर लगे कुंडे में गमछे के सहारे फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद कमरे में पहुंचे नाना विश्राम रितिका का शव फंदे पर लटका देख दंग रह गए। विश्राम ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नाना विश्राम ने बताया कि दही क्षेत्र के गांव तारगांव निवासी अक्षय नातिन को फोन कर परेशान करता था। इसी के बाद ऊबकर उसने यह कदम उठा लिया। रितिका की मौत से मां रीना बेहाल रही। मृतका के घर फॉरेंसिक टीम ने पहुँचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि आरोपित का भाई बिछिया में ही परचून की दुकान चलाता है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही आरोपित अक्षय की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*जिस युवक पर परिजनों ने बेटी को आहत करने में उठाए गए कदम का आरोपी युवक बिछिया में एक परचून की दुकान का संचालन करता है, जब घटना घटित होने के बाद परिजन दुकान पर पहुँचे तो युवक गायब मिला। वही दुकान पर परिजनों ने उसके भाई आशीष को बुलाया व उसे दुकान पर ही बंधक बना लिया। बंधक की सूचना पर पहुँची पुरवा व दही पुलिस बल के साथ पुरवा सीओ अरविंद चौरसिया ने आरोपी युवक को जल्द पकड़ने के आश्वासन पर माने परिजनों से बंधक आरोपी युवक के भाई को लेकर थाने चली गयी।*

## किशोरी को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस ने नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बिहार में 01 मार्च भोजपुर निवासी एक माँ ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय लड़की अपने ननिहाल पान कुवरखेडा गयी थी। वही से गोलू पुत्र रामशंकर पासी ग्राम भोजपुर थाना सरेनी रायबरेली बेटी को लेकर कही चला गया है। वह अपने साथ सोने और चांदी के जेवर व 20 हजार नगद ले गयी है। इस संबंध में थाना पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को वांछित अभियुक्त गोलू को चौकी इंचार्ज भगवंतनगर देवेन्द्र कुमार अवस्थी मय हमराह पुलिस के साथ मलौना तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## जमीनी विवाद को लेकर मां बेटों पर जान लेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार परिवारिक बिवाद को लेकर गाली-गलौज का बिरोध करने पर लाठी डंडे से हमला कर दिया बीच बचाव के लिए पहुंची वृद्ध मां के साथ भी मारपीट की गभीर रुप से घायल मां बेटे को इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। महमद खेडा गांव निवासी राम दुलारे पुत्र साधु राम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी बहू के साथ बड़े भाई की पत्नी और पुत्री गाली-गलौज कर रही थी जब उसने इसका बिरोध किया तो बड़ा भाई उसकी पत्नी, तथा पुत्र और पुत्री के साथ मिलकर लाठ डंडे से हमला कर दिया चीख पुकार मची तो वृद्ध मां रामावती बीच बचाव के लिए पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सीसीटीवी फुटेज और व्हाट्सएप अलर्ट से पुलिस को मिली बड़ी सफलता तीन लूटकांडों का किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जनपद में लगातार हुई तीन लूट की घटनाओं का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए पंजाब और उन्नाव के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और एक मिनी ग्लॉक पिस्टल मय कारतूस बरामद की है। पुलिस के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली सदर, थाना बीघापुर, थाना अचलगंज और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली।

### तीन दिन में तीन वारदातों से दहशत

पहली घटना 19 मई 2026 को थाना बीघापुर क्षेत्र में हुई, जहां रानीपुर मार्ग स्थित खजूर के पेड़ के पास ग्राम मल्लपुर निवासी एक व्यक्ति से चार बदमाशों ने उसकी स्प्लेंडर बाइक, मोबाइल फोन और 1600 रुपये लूट लिये। इस मामले में थाना बीघापुर में मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी दिन थाना अचलगंज क्षेत्र के मैनहा गैस प्लांट के पास एक अन्य व्यक्ति से बिना नंबर की अपाचे बाइक लूट ली गई।

तीसरी और सबसे बड़ी घटना 20 मई को थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के भौनी खेड़ा चौराहे पर स्थित चंदेलिया जयकृष्णा ज्वैलर्स इंटरप्राइजेज में हुई, जहां बदमाशों ने मारपीट कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट ली। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और खुलासे के लिए सात टीमें गठित की गईं।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

जांच के दौरान पुलिस ने 20 मई की शाम गंगाघाट क्षेत्र स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास से लूटी गई अपाचे और स्प्लेंडर बाइक बरामद कर ली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें आरोपी कानपुर रेलवे स्टेशन की ओर जाते दिखाई दिए।

पुलिस ने आरोपियों की तस्वीरें और वीडियो व्हाट्सएप ग्रुपों के जरिए आसपास के जिलों और जीआरपी को भेजे। इसके बाद 21 मई को सूचना मिली कि वीडियो में दिखाई दे रहे दो आरोपियों को जीआरपी अलीगढ़ ने पकड़ लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किए गए हैं।

### पूछताछ में कबूला जुर्म

उन्नाव पुलिस टीम आरोपियों को अलीगढ़ और गाजियाबाद से हिरासत में लेकर कोतवाली सदर लाई, जहां पूछताछ में सभी ने तीनों लूट की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल कर ली।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई

अजीत कुमार उर्फ गोलू निवासी रंगनाथ खेड़ा, बीघापुर, उन्नाव

दिलावर उर्फ गोला निवासी अमृतसर, पंजाब

अक्षय उर्फ रनवीर निवासी अमृतसर, पंजाब

मनप्रीत निवासी गुरदासपुर, पंजाब

मिनी ग्लॉक पिस्टल समेत भारी बरामदगी

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, मंगलसूत्र, झुमकी, अंगूठियां, बाली, बिछिया, लाकेट, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर और 4500 रुपये नकद बरामद किए।

इसके अलावा आरोपियों के पास से एक मिनी गलॉक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

इन धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना अचलगंज, बीघापुर और कोतवाली सदर में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए हैं।

### संयुक्त टीम की कार्रवाई

पूरे ऑपरेशन में थाना कोतवाली सदर पुलिस, थाना बीघापुर पुलिस, थाना अचलगंज पुलिस और स्वाट टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।

## बिना परमिट दौड़ रहीं डबल डेकर बसें, परिवहन विभाग मौन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद के आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज और औरास कस्बे से करीब एक दर्जन डबल डेकर बसें बिना वैध परमिट के दूसरे राज्यों तक बेरोकटोक चल रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षमता से अधिक सवारियां भरकर चलने वाली इन बसों पर परिवहन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

ग्रामीणों के अनुसार मियागंज चौराहे से यीशु ट्रैवल्स, उमाशंकर ट्रैवल्स, राजाराम ट्रैवल्स और एचटी किंग ट्रैवल्स समेत कई ट्रैवल एजेंसियों की डबल डेकर बसें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व अन्य राज्यों तक संचालित हो रही हैं। आरोप है कि इन बसों के पास टूरिस्ट परमिट होता है न की अपने जगह जगह बनाए गए कार्यालयों से सवारियां बिठाने का परमिट नहीं होता है स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही संचालकों को सूचना मिल जाती है। इसके चलते संचालक बसों को इधर-उधर कर देते हैं और कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। सोशल मीडिया पर लगातार शिकायतें आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं हैं। इस संबंध में पक्ष जानने के लिए एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित हो रही डबल डेकर बसों की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और राजस्व की हानि रोकी जा सके।

## सम्पादकीय

# आम लोगों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि

देश में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब आम लोगों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक आवारा कुत्तों को जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया यानी दया मृत्यु (जहर का इंजेक्शन) देने की अनुमति दी गई है, एक कठोर लेकिन आवश्यक कदम माना जाना चाहिए। यह फैसला उन लोगों को कठोर लग सकता है जो पशु अधिकारों की पैरवी करते हैं, लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि देश में इंसानों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। लावारिस कुत्ते लगातार बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाते रहे हैं। इनके लिए शेल्टर होम बनाने और नसबंदी का जिम्मा राज्य सरकारों पर है, लेकिन राज्यों में जिस तरह के हालात हैं, उसमें यह कार्य उस तरह से नहीं हो पा रहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा फैसला लेना पड़ा। लावारिस कुत्ते खतरनाक भले ही न हों, लेकिन कई प्रकार से लोगों को नुकसान जरूर पहुंचाते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक इनके कारण हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों से डरने वाले लोग भी इन्हें देखकर हड़बड़ा जाते हैं और हादसों का शिकार हो बैठते हैं। कुत्तों के काटने की खबरें भी आम हैं। बीते कुछ वर्षों में देश के लगभग हर बड़े शहर और कस्बे में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल होती गई है। कई मामलों में छोटे बच्चों के चेहरे तक बुरी तरह नोच दिए गए। तमिलनाडु में केवल चार महीनों में करीब दो लाख डॉग बाइट के मामले सामने आना यह बताने के लिए काफी है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक महीने में 1084 लोगों को कुत्तों ने काटा। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी ऐसी घटनाएं आम हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता की भयावह तस्वीर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल सही कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना भय के चल-फिर सकें। यदि कोई बच्चा स्कूल जाते समय आवारा कुत्तों के झुंड से डरता है या कोई बुजुर्ग सुबह की सैर पर निकलने से घबराता है, तो यह सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। असल सवाल यह है कि वर्षों से चल रही नसबंदी और टीकाकरण योजनाएं आखिर प्रभावी क्यों नहीं हो सकीं। राज्य सरकारें और नगर निगम अक्सर बजट, संसाधनों और कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाते रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। कई शहरों में एबीसी सेंटर यानी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर नाम मात्र के रह गए। कोर्ट ने अब हर जिले में प्रभावी एबीसी सेंटर बनाने और जरूरत के अनुसार उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस पूरे विवाद में पशु प्रेमियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सड़क किनारे कुत्तों को खाना खिलाना मानवता हो सकती है, लेकिन यदि वही कुत्ते बाद में राहगीरों पर हमला करें तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अदालत ने सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इन जानवरों के प्रति इतना ही समर्पित है, तो उन्हें अपने संरक्षण में रखने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अब यह सवाल उन पशु प्रेमियों के लिए है कि वे इन बेजुबान जानवारों के लिए क्या कर सकते हैं। अब ऐसे जानवरों को बचाने वाले पशु प्रेमी या तो इन्हें अपने पास रखें या फिर प्रशासन ऐसे खतरनाक कुत्तों को जहर के इंजेक्शन दे सकता है।





इटली और भारत

नरेंद्र मोदी, जॉर्जिया मेलोनी


भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।


# इंडो-भूमध्य रणनीतिक साझेदारी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें।

इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक, जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। "मेड इन इटली" हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल "मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी-जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेजी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को



स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न-यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित "एल्गोर-एथिक्स" की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। हम अपनी साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात "पूरी दुनिया एक परिवार है" का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।



समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

# ग्लोबल वार्मिंग से बिगड़ते हालात : कब जागेगा इंसान

वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक जीव यहां तक कि वनस्पति भी त्रस्त है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभले तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की रिपोर्ट बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी है। हमारी धरती प्राकृतिक तौर पर सूर्य की किरणों से उष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हुई धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परावर्तित होकर पुनः लौट जाती हैं। धरती का वायुमंडल कई गैसों से मिलकर बना है जिनमें कुछ ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। इससे धरती के ऊपर एक प्रकार से एक प्राकृतिक आवरण बना लेती हैं। यह आवरण लौटती किरणों के एक हिस्से को रोक लेता है और इस प्रकार धरती के वातावरण को गर्म बनाए रखता है। गौरतलब है कि मनुष्यों, प्राणियों और पौधों के जीवित रहने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होने पर यह आवरण और भी सघन होता जाता है। ऐसे में यह आवरण सूर्य की अधिक किरणों को रोकने लगता है और फिर यहीं से ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव शुरू हो जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तो मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। मनुष्य जनित मानव निर्मित इन गतिविधियों से कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन ऑक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों, हवाई जहाजों, बिजली बनाने वाले संयंत्रों उद्योगों इत्यादि से अंधाधुंध होने वाले गैसीय उत्सर्जन की वजह से कार्बन डायआक्साइड में बढ़ोतरी हो रही है। जंगलों का बड़ी संख्या में हो रहा विनाश इसकी दूसरी वजह है। जंगल कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं, लेकिन जंगलों की बेतहाशा कटाई से यह प्राकृतिक नियंत्रक भी हमारे हाथ से छूटता जा रहा है। इसकी एक अन्य वजह सीएफसी है जो रेफ्रीजरेटर्स, अग्निशामक दमकल यंत्रों इत्यादि में इस्तेमाल की जाती है। यह धरती के ऊपर बने एक प्राकृतिक आवरण ओजोन परत को नष्ट करने का काम करती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र हो चुका है जिससे पराबैंगनी किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं और इस तरह से उसे लगातार गर्म बना रही हैं। आशंका यही जताई जा रही है कि आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग में और बढ़ोतरी ही होगी। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर कई दशकों से वैज्ञानिक चिंता जाहिर कर रहे थे, लेकिन सरकार और आम जनता दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस साल मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी। अब तो भारत के ही कई शहरों में पारा 50 डिग्री के आसपास है। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु-पक्षी और वनस्पतियां धीरे-धीरे उत्तरी और पहाड़ी इलाकों की ओर प्रस्थान करेंगे, लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ अपना अस्तित्व ही खो देंगे। इस बीच एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। इसमें कोई शक नहीं है कि गर्मी बढ़ने से ठंड भगाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ऊर्जा की खपत में कमी होगी, लेकिन इसकी पूर्ति एयर कंडिशनिंग में हो जाएगी। घरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करना होगा। बिजली का उपयोग बढ़ेगा तो उससे भी ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा ही होगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटा जा सकता है। बशर्ते इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे। इसके तहत हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा। सोलर सिस्टम भी वातावरण को उष्मा दे रहे हैं। अनुसंधान बता रहे हैं कि जिन शहरों में सोलर सिस्टम अधिक हैं,

## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझब (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, रुकना नहीं चाहिए




संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मजबूत पंचायत, विकसित गांव

भारत को गांवों का देश कहा जाता है। आज भी देश की एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और गांवों का विकास ही देश के समग्र विकास की पहचान माना जाता है। जब गांव मजबूत होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। गांवों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी पंचायती राज व्यवस्था है। पंचायत केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र की वह मजबूत नींव है, जिसके सहारे गांव की समस्याओं का समाधान, विकास योजनाओं का संचालन और जनता की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि 'मजबूत पंचायत, विकसित गांव-हर वोट है देश की शान।' यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए मतदान बहुत जरूरी है।

*- गौरव वर्मा, बिलासपुर*

### करंट अफेयर

# चिनफिंग ने 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ट्रंप को किया आगाह

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 मई को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई शिखर वार्ता के दौरान ईसा-पूर्व पांचवीं शताब्दी के यूनानी इतिहासकार थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को परोक्ष रूप से चेतावनी दी। शी ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "दुनिया एक नए मोड़ पर आ खड़ी हुई है। क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान विकसित कर सकते हैं?" इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख खूब हुआ है। जनवरी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 'मेलियन डायलॉग' की प्रसिद्ध पंक्ति –शक्तिशाली वही करते हैं जो कर सकते हैं



### ऑफ बीट

# आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?

ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक "क्विट सिग्नल" बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है



### ट्रेंड

#### दिवंगत आत्मा को नमन



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद खंडूरी का निधन उत्तराखंड और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने पवित्र चरणों में स्थान दे।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### भयंकर आर्थिक तूफान



हमारे सिर पर एक भयंकर आर्थिक तूफान मंडरा रहा है। 12 वर्षों में, मोदी जी ने जो ढांचा खड़ा किया, वह केवल अडानी और अंबानी के लिए था। और अब, वही ढांचा ढहने वाला है। इसका असर युवाओं, गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों पर ही पड़ेगा।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

#### सहयोग शिविर



प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा सकेंगे। जनसेवा, समस्याओं का समाधान और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता प्राथमिकताएं है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

#### गंभीरता से जांच हो



उत्तर प्रदेश की बेटी और मध्य प्रदेश के भोपाल में दहेज हत्या का मामला, इस घटना की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। जब दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो कार्रवाई न करने का क्या कारण है?

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### फखरपुर कस्बे में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

**क्षेत्राधिकारी कैसरगंज और थाना प्रभारी ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था की कमान**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कस्बा फखरपुर में क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी फखरपुर द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान बाजार, मुख्य चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों से संवाद कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच भी की गई। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पैदल गश्त के माध्यम से पुलिस ने आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।

### एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं 20 शिकायतें

**8 का मौके पर समाधान, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

अमेठी ,एसपी सरवणन टी. के. ने जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 20 मई को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में संपन्न हुआ, जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। इनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, मारपीट, तथा शिकायतों के निस्तारण में देरी से संबंधित मुद्दे शामिल थे। एसपी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। इस जनसुनवाई में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित थाना और विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। यह जनसुनवाई कार्यक्रम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जिससे त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

### जामो में मेडिकल स्टोर बंद

अमेठी, जामो ब्लॉक क्षेत्र में बुधवार को जिला औषधि विक्रेता संघ के बैनर तले मेडिकल स्टोर संचालकों ने ई-फार्मेसी के विरोध में एक दिवसीय बंद का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों मेडिकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे, जिससे भीषण गर्मी के बीच मरीजों और आम जनता को दवाइयों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग आवश्यक दवाएं लेने के लिए भटकते नजर आए।

## मिहींपुरवा में आयोजित हुई चतुर्थ जिला स्तरीय योगा प्रीमियर लीग

**जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर बहराइच। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन बहराइच द्वारा चतुर्थ जिला स्तरीय योगा प्रीमियर लीग 2026 का आयोजन ब्लॉक सभागार मिहींपुरवा में किया गया। यह संगठन योगासन भारत एवं उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जिला इकाई के रूप में पिछले तीन वर्षों से लगातार योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। विगत वर्षों में यह प्रतियोगिता जिला मुख्यालय बहराइच में आयोजित होती थी, लेकिन दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस बार प्रतियोगिता का आयोजन मिहींपुरवा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक वर्मा हृसौरभह्व रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में मिहींपुरवा क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों सहित जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें ममता रानी इंटर कॉलेज, लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल, नवयुग इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, गोल्डेन पब्लिक स्कूल, ज्ञान सागर इंटर कॉलेज समेत कई विद्यालयों के बच्चों ने योगासन की विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि अभिषेक सौरभ वर्मा ने कहा कि योग लोगों को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मोबाइल युग में बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है, क्योंकि बच्चे अधिक समय मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, जो समाज और देश के लिए चिंता का विषय है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि उनका संकल्प पूरे जिले को योगमय बनाना है। उन्होंने योग को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताते हुए मिहींपुरवा में एक योग अकादमी स्थापित करने की बात कही। वहीं संगठन के सचिव सुशील बाजपेयी ने कहा कि योग किसी जाति या धर्म का प्रतीक नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान नवोदय विधालय के प्रशिक्षक कमलेश वर्मा, बाबूलाल शर्मा, सुरेश वर्मा, राजेश गुप्ता, हर्षवर्धन पाण्डेय, अनिल शुक्ला, ऋषिकांत श्रीवास्तव, योगेन्द्र मौर्या पिंटू मिथिलेश जायसवाल, अमित वर्मा, जितेन्द्र मौर्या, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 15 शीशी बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस एवं औषधि निरीक्षक के संयुक्त चेकिंग अभियान के अंतर्गत रूपईडीहा के केवलपुर मोड़ चौराहे से 15 सीसी कोडीन युक्त सीरप के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में रुपईडीहा पुलिस और औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप बेच रहे एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि केबलपुर मोड, रुपईडीहा स्थित राणा पेट्रोल पम्प के पास छापेमारी की गई। मौके से ओम प्रकाश सोनी (50) पुत्र रामकुमार सोनी, निवासी साकेतनगर, थाना रुपईडीहा को बिना लाइसेंस के नशीला कफ सिरप बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से कोकोरेक्स-टी कफ सिरप 100 एमएल की 15 शीशियां बरामद की हैं ।बरामद कफ सीरत तथा अभियुक्त को थाना लाकर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ओम प्रकाश सोनी हिस्ट्रीशीटर है। उस पर मारपीट, धोखाधड़ी, जुआ अधिनियम और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कुल 5 मुकदमे पहले से दर्ज हैं ।यह कार्रवाई एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व सीओ नानपारा पद्रूप सिंह के पर्यवेक्षण में औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत की टीम द्वारा की गई।

## आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक रुपईडीहा थाने में संपन्न

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। आगामी बकरीद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रूपईडीहा थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना के अपराध निरीक्षक गणेश तिवारी ने की। बैठक में क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी सदस्य, सभासद एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की ।बैठक को संबोधित करते हुए अपराध निरीक्षक गणेश तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश की जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग पूर्व की भांति आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को ईदगाह, रास्ता, सफाई व्यवस्था अथवा विद्युत आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, ताकि उसका शीघ्र समाधान कराया जा सके ।रूपईडीहा के पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबैर फारूकी ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बकरीद पर्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सनत कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत रूपईडीहा के सभासद नरेंद्र मधेसिया, रजा इमाम रिजवी, मोहम्मद जाकिर, ध्रुव राज वर्मा, समाजसेवी सुशील बंसल सहित क्षेत्र के पत्रकार एवं अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।



## दो ट्रकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत खलासी की मौत

**ट्रक में लदा कड़ुवा तेल गिरा बाल्टी व पिपिया में लूट ले गए ग्रामीण**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर थाना मोतीपुर के अंतर्गत रायबोझा पुल पर तेज रफ्तार दो ट्रकों के आमने-सामने हुई भिड़ंत में खलासी की मौत हो गई। वही ट्रक में लदा कड़ुवा तेल बहने लगा जिसे गांव के ग्रामीणों ने बाल्टी लोटा पिपिया आदि बर्तनों में भरकर खूब ढोया। सड़क पर काफी दूर तक कड़वा तेल बहता रहा। शुक्रवार सुबह लगभग 10 के आसपास ट्रेलर वाहन संख्या पीबी 13 एडब्लू 6207 जिसका ड्राइवर मसौवार पुत्र अब्दुल समद निवासी ग्राम छपरा थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर चल रहा था इसमें बैठा क्लीनर सुहेब पुत्र रशीद था और इसमें गिट्टी लदी हुई थी यह वाहन जैसे लखीमपुर की ओर से रायबोझा पुल पहुंचा तभी नानपारा की ओर से आ रही ट्रक वाहन संख्या एच आर 55 टी 3037 जिसको ड्राइवर मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद हनीफ ग्राम उझारी थाना सैद नंगली जनपद अमरोहा चला रहा था। दोनों गाड़ियां आपस में आमने-सामने टकरा गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों के पर खच्चे उड़ गए जिसमें गाड़ी संख्या पीबी 13 ए डब्लू 6207 में बैठा क्लीनर केबिन में दब गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि दोनों ड्राइवर सुरक्षित बच गए। एक ट्रक में जहां गिट्टी लदी हुई थी तो दूसरे ट्रक में कड़ुवा तेल लदा हुआ था दोनों की आपस में हुई टक्कर के बाद कड़ुवा तेल सड़क पर बहने लगा तेल बहता देखकर सड़क के किनारे बसे गांव के ग्रामीण बर्तन लेकर आए और कड़ुवा तेल को लूटकर अपने घरों की ओर लेकर चले गए घटना के बाद सड़क पर काफी लंबा जाम लग गया घटना के सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने केबिन में फंसे क्लीनर को बाहर निकलवाया और विधि कार्रवाई शुरू की। इसके बाद क्रेन से दोनों वाहनों को सड़क से किनारे करवाया गया तब जाकर आवागमन बहाल हुआ। थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक खलासी की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चार दिनों से जला पड़ा है ट्रांसफार्मर, भीषण गर्मी में केवलपुर के लोग परेशान

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा के वार्ड नंबर 3 केवलपुर में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न रहने से करीब एक हजार की आबादी वाले इस वार्ड के लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं ।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार चार दिनों से बिजली न आने के कारण पेयजल संकट के साथ-साथ दैनिक जीवन भी प्रभावित हो गया है। रात में उमस भरी गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 3 के सभासद प्रतिनिधि अशोक यादव ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अवर अभियंता को दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी लगातार आज या कल में ट्रांसफार्मर बदलने की बात कह रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाए, ताकि केवलपुर वार्ड की विद्युत आपूर्ति बहाल हो सके और लोगों को राहत मिल सके।



## खैरीघाट थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति बैठक हुई आयोजित

**शासन की गाइडलाइन के अनुसार मनायें आगामी त्यौहारः सीओ महसी**

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी



शिवपुर/बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शुक्रवार शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी पवन कुमार महसी ने की। सीओ ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खुले में कोई कुबार्नी नहीं होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नमाज गैर परम्परागत एवं सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी। कुबार्नी पर्दे के पीछे होनी चाहिए, रक्त तथा अवशेष इधर-उधर ना फैलाएं। बाद उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक एवं भाईचारे के साथ बकरीद का त्यौहार मनाए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि गैर परंपरागत कार्यक्रम नहीं होंगे। जो भी शांति व्यवस्था खराब करेगा तथा अराजकता फैलाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। नई परम्परा कतई मान्य नहीं होगी। नायब तहसीलदार शिवपुर नानपारा मथुरा प्रसाद तथा हरिशंकर पटेल नायब तहसीलदार महसी ने भी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान काफी संख्या में जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे ।वहीं कई ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों से भी बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर किसी प्रकार की समस्याओं,ईदगाहों में साफ सफाई आदि प? भी सीधा संवाद किया गया। एसएचओ खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि खैरीघाट पुलिस आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

## पिता ने 19 साल की बेटी की हत्या की

**शव पीठ पर बांधकर ले गया, खेत में दफनाया; अलीगढ़ में प्रेमी से शादी पर अड़ी थी**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ में पिता ने अपनी 19 साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर लाश को पीठ पर बांधकर बाइक से खेत में पहुंचा। 5 फीट गहरा गड्ढा खोदा। लाश दफनाकर वापस घर आ गया और सो गया। सुबह उठकर बेटी को ढूंढने का नाटक करता रहा। पड़ोसियों ने पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दे दी। पुलिस को पूछताछ में पिता के गोलमोल जवाब से शक हुआ। सख्ती की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी ने बताया- बेटी का पड़ोसी लड़के से एक साल से अफेयर था। उससे शादी करने की जिद पर अड़ी थी। उसे समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। एक हफ्ते से उसने खाना छोड़ दिया था। मान-सम्मान बचाने के लिए उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने लड़की की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की निशानदेही से शव को खेत से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना खैर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की है।

### पड़ोसी से अफेयर, मना करने पर सुसाइड की कोशिश

गांव जरारा निवासी पूरन (45) किसान है। घर में पत्नी राजकुमारी (40), 2 बेटे समीर (12), सागर (14) और बेटी शिवानी थी। पूरन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि शिवानी पड़ोसी लड़के से प्यार करती थी। उससे शादी करना चाहती थी। इसकी जानकारी जब मुझे लगी तो उसे समझाया। वह नहीं मानी तो उसका बाहर आना जाना बंद कर दिया। उसने 1 तेजाब पीकर सुसाइड की कोशिश की। तभी मैंने तय किया कि अब उसे खत्म कर देना चाहिए।

### गला घोंटा, खेत में ले जाकर शव दफनाया

आरोपी ने बताया- सुसाइड की कोशिश के बाद भी मैं बेटी को अस्पताल लेकर नहीं गया। कमरे में बंद कर दिया। जब घरवाले सो गए तो कमरे में जाकर उसका गला घोंट दिया। बाद मैं बाइक कमरे के अंदर ले गया।

## गौरीगंज में रेलवे ट्रैक किनारे लगी आग

**फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, ट्रेन संचालन बहाल**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , गौरीगंज स्थित लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर बनी रेलवे स्टेशन के पास काजीपट्टी गांव में रेलवे लाइन के किनारे भीषण आग लग गई। इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना आज शाम करीब साढ़े सात बजे गेट नंबर 116 के पास हुई। अज्ञात कारणों से रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में आग लग गई, जिसने जल्द ही बड़ा रूप ले लिया। आग की लपटें और धुआं दूर से दिखाई दे रहा था।आग लगते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्वयं भी आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आरपीएफ और रेलवे का स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहा। आग बुझने और ट्रैक को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो सका। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## रेप आरोपी को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश

**मेडिकल के लिए ले जाते समय किया था हंगामा, 12 लोगों पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी गुलजार अहमद को पुलिस हिरासत से छुड़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस के सरकारी कार्य में बाधा डाली गई और आरोपी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। दरोगा विजय कुमार यादव की तहरीर पर पुलिस ने 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है। मुकदमे के विवेचक दरोगा विजय कुमार यादव अपनी टीम के साथ आरोपी गुलजार अहमद को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले जा रहे थे। आरोपी को पुलिस जीप में बैठाकर अस्पताल लाया गया, जहां मेडिकल से पहले ही अचानक तनावपूर्ण स्थिति बन गई ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद 10 से 12 अज्ञात लोग अचानक उत्तेजित हो गए। उन्होंने आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज की और पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए उसे सरकारी वाहन से जबरन बाहर खींचने का प्रयास किया। इस दौरान भीड़ ने आरोपी के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आरोपी गुलजार की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता पट्टी कोतवाली पहुंच गए थे।

## प्रेमी को जेल भिजवाया, छुड़ाने के लिए टॉवर चढ़ी

**4 साल के बच्चे को नीचे छोड़ा, महिला बोली- मेरी शादी करवाओ**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,नगर कोतवाली क्षेत्र के बालीपुर स्थित रिलायंस जिओ के मोबाइल टॉवर पर एक महिला चढ़ गई। महिला अपने चार साल के बच्चे को नीचे छोड़कर टॉवर पर चढ़ी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई ।स्थानीय लोगों के मुताबिक, महिला ने पहले अपने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया। अब महिला उसी युवक को जेल से रिहा कराने की मांग को लेकर टॉवर पर चढ़ गई। उसका कहना है कि प्रेमी को जेल से छोड़कर उससे शादी कराई जाए। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और प्रशासन की टीम महिला को समझाकर सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटी रही। एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया ।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, महिला महेशगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस का कहना है कि महिला को सुरक्षित नीचे उतारने के बाद पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महेशगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला महेशगंज में प्राइवेट सफाई कर्मचारी के रूप में काम करती थी। महिला का आरोप है कि वह अशोक गौतम के मकान में किराए पर रहती थी। इसी दौरान अशोक गौतम के बेटे अंकित गौतम ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर करीब चार महीने तक पति-पत्नी की तरह रहा। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान वह गर्भवती हो गई

# संक्षेप

## दुष्कर्म पीड़िता को मुकदमा वापस लेने की धमकी

### बागपत में गवाही से पहले आरोपी पर परिवार को डराने का आरोप

बागपत, जिले में एक दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बागपत थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह धमकी कथित तौर पर आगामी गवाही से पहले दी गई है।शिकायत के अनुसार, वर्ष 2024 में पीड़िता की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में आरोपी को जेल भेज दिया गया था और यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपी लगातार फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। महिला ने बताया कि आगामी 22 मई को मामले की गवाही होनी है। आरोपी, जो थाना बागपत का निवासी है, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। परिवार का कहना है कि आरोपी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर रहा है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़िता की मां ने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की अपील की है। इस संबंध में, कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़, बदमाश घायल

### पुलिस टीम पर फायरिंग, फरार आरोपी गिरफ्तार

बागपत ,पुलिस को बड़ी सफलता मिली है खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश नईम को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। नईम पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हुआ था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव नहर पटरी पर हुई। पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बदमाश के पैर में गोली लगीपुलिस ने बदमाश को घेरा। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसकी पहचान नईम पुत्र अख्तर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, नईम पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।एक जिंदा कारतूस बरामदगिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

## जागृति विहार में 24 घंटे में 4 घंटे बिजली सप्लाई

### शिकायत पर जेई बोला: 'मंत्री-पीएम को बुला लो, लाइट ठीक नहीं करूंगा'

मेरठ , मेडिकल थाना क्षेत्र स्थित जागृति विहार सेक्टर-9 में भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट गहरा गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान इलाके में केवल 4 घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो सकी। मंगलवार रात से लगातार करीब 4 घंटे तक बिजली गुल रहने से स्थानीय लोग परेशान हैं। 43 डिग्री सेल्सियस तापमान और उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है।स्थानीय निवासियों के मुताबिक,क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से कमजोर विद्युत लाइन की समस्या बनी हुई है।

# चांदपुर में लगा जनता दरबार एसपी से रूबरू हुई जनता

## अभिलेखों का हुआ निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना परिसर में कल जनता दरबार आयोजित किया गया थाना प्रभारी विनोद पटेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनता दरबार में जनता के दुख दर्द सुने सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुट गई वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जिनको सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल निस्तारण हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया वही



कानून व्यवस्था के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर के अभिलेख शस्त्रागार मालखाना महिला हेल्थ डेस्क भोजनालय इत्यादि का भी बारीकी से निरीक्षण किया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए इस मौके पर थाना प्रांगण में क्षेत्रीय पीड़ितों के साथ-साथ उप निरीक्षक सौरभ पाण्डेय रायसाहब यादव अमौली चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं आरक्षी गण मौजूद रहे

# तहसील परिसर में हुई महापंचायत संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट की महापंचायत संपन्न हुई बिजली विभाग के अधिकारियों के रवैया से आक्रोशित यूनियन के पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी के तहसीलदार रचना यादव को ज्ञापन सौंपते हुए अधिशासी अभियंता बिंदकी पर सभी पदाधिकारी ने जमकर आक्रोश जताया संगठन के तहसील अध्यक्ष सुधीर प्रताप सिंह गौतम नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कल सभी पदाधिकारी पावर हाउस पहुंचे जहां समस्याओं का निराकरण को दूर किसी ने उनकी कोई बात भी नहीं सुनी वही पदाधिकारियों से अभद्रता की गई महापंचायत अंतर्गत पदाधिकारी गणों ने बिजली की समस्या की मुख्य चर्चा की जहां धान की बेड़ के लिए पानी की उपलब्धता नहीं हो पा रही वहीं नहरो में भी पानी नहीं है जानकारी मिलने पर महापंचायत अंतर्गत विद्युत विभाग के



अधिशासी अभियंता भी पहुंचे तथा किसानों की समस्याएं सुनी इस मौके पर किसान यूनियन के नेता उत्तम दुबे संदीप धर्मपाल रवि सिंह सुखीराम रामाधार समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे

# टप्पेबाज ने बदला एटीएम खाते से उड़ाए 132126 रुपए




अमनलेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रहमतपुर निवासी बाबू निषाद पुत्र संतोष कुमार निषाद ने कोतवाली में लिखित सूचना देते हुए बताया कि विगत 18 मई 2026 को एक टप्पेबाज द्वारा उसका एटीएम बदलकर खाते से पैसे उड़ा दिया गया पीड़ित ने बताया कि वह उसका खाता इंडियन बैंक में है वही अपने एटीएम कार्ड को लेकर पीड़ित जोनिहा कस्बे के एक एटीएम में पहुंचा जहां खड़े दो लोगों ने पीड़ित के भाई अवधेश से एटीएम लेकर बदल दिया विगत दिवस 21 मई गुरुवार को जब पीड़ित अपनी बैंक पैसा निकालने पहुंचा तथा विड्राल भरा इसके पश्चात उसे जानकारी हुई कि उसके खाते से 132126 रुपए निकल चुके हैं जिसे लेकर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई लिखित तहरीर प्राप्त करते हुए प्रशासन ने जांच प्रारंभ की।

# पुलिस पर युवती ने लगाए गंभीर आरोप

## वीडियो वायरल कर प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

अमनलेखनी समाचार



मेरठ ,परतापुर थानाक्षेत्र में एक युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवती ने मेरठ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ये वीडियो तेजी से वायरल किया जा रहा है। जिसमें पुलिस और युवती के बीच बातचीत भी हो रही है। इसके बाद युवती ने पुलिस पर आरोप लगाए हैं। वहीं पूरे मामले पर मेरठ पुलिस ने सोशल मीडिया पर सफाई भी दी है। पूरा वीडियो लगभग 2 मिनट 42 सेकेंड का है। इसमें लड़की ने कहा है कि हम यहां स्टे कर रहे हैं। हमारी दो दिन की ट्रेनिंग थी। मैं खाना खाने आई थी। मेरी सुबह 5 बजे ट्रेनिंग थी। मेरी टीम के लोग सो रहे थे।सर यहां मुझसे बहुत जबरजस्त क्वेश्चन कर रहे हैं। कि मैं खाना खाने क्यों आई हूं। मैंने कहा कि होटल का कैंटीन नहीं है।इसलिए मैं नीचे आई हूं सर। मुझसे पूछ रहे हैं कि मैंने होटल में ऑर्डर क्यों नहीं किया हैइसके बाद युवती पुलिसकर्मी से पूछती है कि सर मुझे अपना नाम बता दो, अपना वैलिड प्वाइंट भी बता दो।पुलिसकर्मी- संदीप नाम है मेरायुवती- तो सर आप मुझे ये बताओ ये उस होटल का रेस्टोरेंट नहीं है तो ये उस होटल में खाना कैसे पहुंचाएगापुलिसकर्मी- ज्यादा चालाक बनने की कोशिश मत करोयुवती- मैं चालाक नहीं बन रही हूं।पुलिसकर्मी- फोन बंद करो अपना।युवती- मैं फोन नहीं बंद करूंगी। इसके बाद युवती का फोन बंद हो जाता है। इसके बाद उसकी दूसरी वीडियो सामने आती है।युवती- अब आप मुझे एक चीज बताओ, जो आपने ये वीडियो देखी, ये इंस्पेक्टर जो खुद बोल रहे हैं कि उस होटल का रेस्टोरेंट नहीं हैं।इसके बाद खुद बोल रहे हैं कि खाना ऊपर क्यों नहीं मंगाया। मैंने अलग रूम लिया है। मैं अपने रूम में अकेली हूं।मेरे जो बाकी लोग हैं उन्होंने अलग-अलग रूम लिया है। इन्होंने आकर मुझसे कोई क्वैरी नहीं की, मुझसे कुछ नहीं पूछा।

# बेटी का वीडियो वायरल, मां के अपहरण आरोप को नकारा

## बोली- पार्षद पर लगाए आरोप झूठे, अपनी मर्जी से कर रही यूनिवर्सिटी में पढ़ाई

अमनलेखनी समाचार

मेरठ , वार्ड-81 के पार्षद हाजी अफजाल पर युवती के अपहरण का आरोप लगाने वाला मामला अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। शिकायत करने वाली महिला की बेटी का वीडियो सामने आया है, जिसमें युवती ने अपनी मां के आरोपों को झूठा बताया है। युवती का कहना है कि उसका कोई अपहरण नहीं हुआ और वह अपनी मर्जी से यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही है।मामला ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली मुसर्रत पत्नी आकिल ने एसएसपी और ब्रह्मपुरी थाना पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि वार्ड-81 के पार्षद हाजी अफजाल उसकी बेटी रुखसार को तलाक दिलाकर अपने साथ ले गए हैं। महिला ने इसे अपहरण बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले से जुड़े ऑडियो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

### युवती बोली- मां ने रात 1 बजे कराया था निकाह



अब मंगलवार रात रुखसार का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में युवती कह रही है कि उसकी मां गलत आरोप लगा रही है। उसने बताया कि उसकी मां ने ही रात करीब 1 बजे उसका निकाह गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी अमन से कराया था। युवती का आरोप है कि बाद में उसकी मां पति पक्ष को दहेज के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए मांग रही थी।युवती के मुताबिक, इसी विवाद के बाद उसकी मां ने ही उसका तलाक करा दिया। उसने कहा कि वह फिलहाल अपनी मर्जी से सुभारती यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही है। पार्षद हाजी अफजाल का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

### महिला ने क्या लगाए थे आरोप

महिला ने शिकायत में बताया था कि उसने अपनी बेटी रुखसार का निकाह मोदीनगर निवासी अमन पुत्र परवेज से किया था। आरोप था कि निकाह के छह दिन बाद जब वह बेटी को लेने ससुराल पहुंची तो अमन के मामा अरुण ने बताया कि मेरठ के पार्षद हाजी अफजाल रुखसार को तलाक दिलाकर अपने साथ ले गए हैं।

# युवती के गांव में कपसाड़ जैसे हालात, सभी रास्ते सील

## छात्रा की हत्या के बाद गांव में बढ़ाई निगरानी, आईडी देखकर दिया जा रहा प्रवेश

अमनलेखनी समाचार



मेरठ ,रोहटा में 20 वर्षीय छात्रा की हत्या के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट है। युवती के गांव की ओर जाने वाले हर रास्ते की निगरानी बढ़ाई गई है। बाहरी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी है। वहीं गांव के लोगों को भी आईडी देखने के बाद ही पुलिसकर्मी प्रवेश दे रहे हैं। जिले में एक बार फिर कपसाड़ जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। पहले एक नजर पूरे मामले पर रोहटा के एक गांव की रहने वाली युवती मेरठ के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से इअ की पढ़ाई कर रही थी। इन दिनों उसका परिवार टीपीनगर थाना क्षेत्र में रह रहा था। 15 मई को छात्रा घर से परीक्षा देने निकली लेकिन वापस नहीं आई। थाने में गुमशुदगी दर्ज हो गई। घर से करीब 25 किलोमीटर दूर छात्रा का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। हत्या कर शव वहां फेंका गया था। युवती के गांव में फैला तनाव पुलिस ने शव मोर्चरी भेजकर छानबीन शुरू की तो छात्रा पास ही के गांव के रहने वाले अंकुश नाम के युवक के साथ बाइक पर जाती सीसीटीवी कैमरों में दिखी। पुलिस ने अंकुश व उसके दो दोस्तों निशांत व अंकित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जल्द ही अंकुश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भी भेज दिया। अंकुश की गिरफ्तारी के बाद परिजनों में आक्रोश बढ़ गया। उन्होंने सीधे तौर पर पुलिस को भी बेटी की मौत का जिम्मेदार ठहरा दिया। दरअसल, अंकुश काफी समय से उनकी बेटी को परेशान करता आ रहा था।

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

## 3 किमी दूर से दिखाई दे रहा धुआं, फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां बुझाने में जुटीं

अमनलेखनी समाचार

गाजियाबाद , केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इससे फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं।आग से उठता धुआं करीब 3 किमी दूर तक दिखाई दे रहा है। फ्लाईओवर से गुजर रहे लोगों ने घटना के वीडियो भी बनाए। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।आग बुझाने के लिए फायर स्टेशन घंटाघर कोतवाली और अन्य स्टेशनों से दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 1 घंटे में फायर कर्मियों ने आग पर काबू लिया। मामला बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया का है।

### आग बुझाने के लिए वाटर ब्राउजर और फोम टैंकर का भी इस्तेमाल किया

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शाम 4:02 बजे फायर विभाग को बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही घंटाघर कोतवाली से 5 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं इसके अलावा वैशाली, मोदीनगर और नोएडा से भी 7 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए वाटर ब्राउजर और फोम टैंकर का भी इस्तेमाल किया गया। फायर विभाग ने लगभग 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। फलहाल कूलिंग



का कार्य जारी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।तेज धमाके के साथ फटे केमिकल के ड्रमघटना के समय फैक्ट्री में करीब 11 कर्मचारी काम कर रहे थे।शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक ड्रम से दूसरे ड्रम में केमिकल ट्रांसफर किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई। हालांकि आग लगने के कारणों की जांच दमकल विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग के दौरान केमिकल से भरे सॉल्वेंट के ड्रम तेज धमाकों के साथ फटने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# एमबीए छात्रा की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

## आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में भड़के छात्र, बहन बोली- सीसीटीवी भी नहीं दिखा रहे

अमनलेखनी समाचार

मेरठ , आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर छात्रा की सुबह मौत हो गई। नीचे गिरते ही उसका सिर फट गया। छात्रा के गिरने की आवाज सुनकर साथी छात्राएं दौड़ती हुईं मौके पर पहुंची। वहां उसे खून से लथपथ पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रा को लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सहारनपुर की रहने वाली छात्रा एमबीए फाइनल ईयर की स्टूडेंट थी। उसकी बड़ी बहन ने कहा- मेरी आज सुबह ही बात हुई थी, तब तो वह खुश थी। अपना फाइलवर्क करके मैडम से मिलने जाने वाली थी। हम लोगों के हॉस्टल पहुंचने से पहले पुलिस बहन का शव ले जा चुकी थी। कॉलेज वाले सीसीटीवी भी नहीं दिखा रहे हैं। वहीं, छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन पूरी तरह मामले को दबा रहा है। यहां छात्र-छात्राओं के साथ बहुत




खराब व्यवहार किया जाता है। उनके साथ भेदभाव होता है। इसके चलते तनाव में स्टूडेंट सुसाइड जैसे गलत कदम उठाते हैं। तीसरी मंजिल पर रूम नंबर- 67 में रहती थी सहारनपुर की रहने वाली अनु गुप्ता गंगानगर स्थित आईआईएमटी के सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। वह हॉस्टल की तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 67 में रहती थी। सुबह करीब 9.30 बजे उसका शव खून से लथपथ हॉस्टल के नीचे बने जिम के बाहर पड़ा था काम करने वाली मेड ने सबसे पहले छात्रा की डेडबॉडी को देखा। उसने अन्य छात्राओं को बताया। अन्य छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। फिर सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। बहन से सुबह बात हुई थी, तब तो खुश थी अनु गुप्ता की बड़ी बहन तनु गुप्ता ने बताया- अनु मेरी छोटी बहन है। मेरी सुबह 9 बजे लास्ट बात हुई थी। इससे पहले भी हमारी बात हुई थी, उसने मुझसे कहा कि मैं अभी फाइलवर्क कर रही हूं। इसके बाद नाश्ता करूंगी फिर फाइलवर्क पूरा करके मैडम के पास जाऊंगी।इसके बाद अनु की मेरी दूसरी बहन से बात हुई उससे कहा कि 10 बजे मैडम से मिलना है। बाद में बहन का फोन रूममेट ने उठाया। तब उसने कहा कि दीदी अनु कमरे में नहीं हैं, उसका फोन यहां कमरे में रखा है वो बाहर गई है और एक लड़की की लाश मिली है हॉस्टल में। काफी देर तक जब मेरी बहन का फोन नहीं आया तो हमने उसे दोबारा कॉल किया। देखें वो कहां हैं, लेकिन उसका कॉल नहीं उठा। फिर हमने बार-बार कॉल किया कॉल नहीं उठा, उससे हमारी बात नहीं हुई तो मुझे चिंता होने लगी। फिर मैंने अपने पति और पापा को भी बताया।

कैमरा नहीं दिखा रहा कॉलेज तब फिर हमने अनु की टीचर को कॉल किया, उन्होंने बताया कि वो गिर पड़ी है, उसके चोट लगी है।

# तीसरी-मंजिल से गिरी विवाहिता के मामले में चचेरे ससुर गिरफ्तार

## अब तक पति, ससुर समेत 3 गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

अमनलेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में तीसरी मंजिल से गिरी विवाहित की मौत मामले को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका के चचेरे ससुर विनोद को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस चर्चित दहेज हत्या कांड में अब तक कुल तीन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले पुलिस मृतका के पति ऋतिक और ससुर मनोज को पुलिस जेल भेज चुकी है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि दीपिका को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इसी के चलते उसकी हत्या की गई। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं, नामजद परिवार के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। उन्होंने कहा जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डिजिटल अरेस्ट कर 85 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

## भारतीय सिम को ई-सिम बनाकर भेजता था कंबोडिया

अमनलेखनी समाचार

नोएडा ,साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के जरिए 85 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर भारतीय सिम को ई-सिम में बदलकर उसे कंबोडिया में बैठे साइबर अपराधियों तक पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, साइबर क्राइम थाना नोएडा में एक पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि उसे डिजिटल अरेस्ट कर 85 लाख रुपये की ठगी की गई है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और



तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया। जांच में सामने आया कि ठगी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर एक मोबाइल कंपनी के पीओएस एजेंट द्वारा ई-सिम के रूप में एक्टिवेट कराया गया था। इसके बाद उसी नंबर का इस्तेमाल कंबोडिया में बैठे साइबर अपराधियों ने ठगी के लिए किया।जांच के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी सूरज पुत्र फूल सिंह को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। आरोपी हरियाणा के पानीपत का रहने वाला है और 10वीं तक पढ़ा है।पुलिस के अनुसार, आरोपी भारतीय सिम को ई-सिम के रूप में विदेश में एक्टिवेट कराने के नेटवर्क में शामिल था।

# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई

## 206 ट्रकों के चालान, 1.29 करोड़ का जुर्माना

अमनलेखनी समाचार

गौतमबुद्ध नगर ,ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग ने मई महीने में बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 206 ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए और उन पर कुल 1 करोड़ 29 लाख 40 हजार रुपये का प्रशमन शुल्क लगाया गया। इनमें से अब तक 50 लाख 80 हजार रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक संभागीय अधिकारी नंद कुमार, अभिषेक कनौजिया और यात्रीकर अधिकारियों की टीम ने मिलकर की।



कार्रवाई के दौरान पकड़े गए वाहनों को सेक्टर-142, जेवर, नॉलेज पार्क, बादलपुर और सेक्टर-62 स्थित डी पार्क समेत कई थाना क्षेत्रों में खड़ा कराया गया ओवरलोडिंग को बताया बड़ा खतरा डॉ. पांडेय ने ट्रक और मिनी ट्रक चालकों व मालिकों को ओवरलोडिंग के नुकसान के बारे में आगाह किया। उन्होंने कहा कि क्षमता से ज्यादा माल भरना सड़क पर चलने वाले लोगों और वाहन चालकों दोनों के लिए खतरा बनता है। उन्होंने बताया कि ज्यादा वजन होने से वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे ब्रेक फेल होने, टायर फटने और वाहन पलटने जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# डाला में सफाई कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान, घर के अंदर लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

डाला/सोनभद्र। डाला चौकी क्षेत्र के धौठा टोला में गुरुवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब डाला नगर पंचायत में कार्यरत एक संविदा सफाई कर्मी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। मृतक की पहचान इंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रहलाद, उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष, निवासी धौठा टोला, डाला नगर पंचायत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह डाला नगर पंचायत में संविदा पर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह मृतक का चचेरा भाई प्रवीण उसे जगाने के लिए उसके घर पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। शक होने पर उसने खिड़की से अंदर झांककर देखा तो उसके होश उड़ गए। इंद्र कुमार कमरे के अंदर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा खोला गया और आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं मोहल्ले में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डायरिया से सुरक्षित रहने को बरतें जरूरी सावधानी

**हलिया ब्लाक की 206 आशा कार्यकताओं व 44 एएनएम को किया प्रशिक्षित**

**डायरिया की शीघ्र पहचान और रोकथाम के दिए गए जरूरी टिप्स**

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर, 23 मई। स्वास्थ्य विभाग जनपद में डायरिया नियंत्रण और रोकथाम को लेकर बेहद गंभीर है। डायरिया के लिहाज से संवेदनशील हलिया ब्लाक की 206 आशा कार्यकताओं, 44 एएनएम और 10 आशा संगिनी को विशेष तौर पर डायरिया की शीघ्र पहचान और जरूरी प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू (ङएठश्वए) के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के सभागार में इन्हें पांच सत्रों (बैच) के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को आशा कार्यकताओं को बताया गया कि वह क्षेत्र में डायरिया से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को पीने के पानी की स्वच्छता के बारे में जरूर बताएं क्योंकि डायरिया का एक प्रमुख कारण दूषित पानी का सेवन भी है। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी में डायरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। घर व आस-पास साफ-सफाई रखने के साथ ही स्वच्छ पेयजल का ही इस्तेमाल करें। पानी को उबालकर छानकर और ठंडा होने पर ही पिएं। हाथों की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आशा कार्यकताओं और एएनएम को इस बारे में अन्य जरूरी उपाय भी बताये और कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को इस बारे में अवश्य बताएं। समुदाय को यह भी बताएं कि वह आकस्मिक परिस्थितियों में स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस के इस्तेमाल के लिए 102 या 108 को डायल कर सकते हैं। फ्रंट लाइन वर्कर को डायरिया की रोकथाम और उसके इलाज में पहले से मौजूद बेहतरीन तरीकों की पहचान करना और उन्हें दस्तावेज के रूप में दर्ज करना आदि के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। उनसे अपेक्षा की गयी वह इन तरीकों को शहरी और ग्रामीण इलाकों के उन हिस्सों तक पहुँचाने पर जोर दें, जहाँ पहुँचना थोड़ा मुश्किल है। डायरिया की शीघ्र पहचान के साथ ही जरूरी परामर्श और इलाज के तय प्रोटोकाल आदि के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। डायरिया के प्राथमिक उपचार के तौर पर पानी जैसी पतली दस्त होने पर ओआरएस का घोल और जिंक की सही खुराक लेने के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया और क्षेत्र में टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया गया। क्षेत्र के डायरिया प्रभावित और अति कुपोषित बच्चों का रिकार्ड रखने के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।

# श्री राम धर्म संस्कृति सेवा संस्था बदलापुर की ओर से श्री रामचरित मानस पाठ का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मुंबईः श्री राम धर्म संस्कृति सेवा संस्था बदलापुर के सानिध्य में जनकल्याण हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की महिमा का बखान करने हेतु भव्य संगीतमय श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है।



कार्यक्रम का शुभारंभ 23 मई 2026 शनिवार सुबह 7 बजे से है। जबकि पूणार्हुति हवन 24 मई 2026 रविवार को संपन्न होगा।24 मई रविवार की शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक भंडारा ( महाप्रसाद) का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम स्थल आई गांवदेवी श्री माधवेश्वर मंदिर शिरगांव, बदलापुर, माऊली चौक है। संस्था के अध्यक्ष विजय पांडे, सचिव पंकज शुक्ला और कोषाध्यक्ष शीतला प्रसाद तिवारी हैं। संस्था अध्यक्ष विजय पांडे ने समस्त धर्मप्रेमियों एवं रामभक्तों से अपील की है कि इस पावन अवसर पर आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# टीटीई की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से बिछड़ी बच्ची को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया

अमन लेखनी समाचार

धनबाद। दिनांक 20.05.26 को गाड़ी संख्या 18625 पूर्णियां कोर्ट-हटिया कोसी सुपर एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान टिकट जांच कर रहे टीटीई श्री नवदीप कुमार एवं श्री चन्दन कुमार को डी-2 कोच में एक छोटी बच्ची अकेली अवस्था में मिली। पूछताछ करने पर बच्ची ने अपना नाम नैंसी कुमारी बताया तथा जानकारी दी कि उसके माता-पिता हजारीबाग रोड स्टेशन पर उतर गए थे, जबकि वह अनजाने में ट्रेन में ही रह गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ऑन-ड्यूटी चेकिंग स्टाफ द्वारा तत्परता, सतर्कता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया तथा उसके परिजनों से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया। बाद में पारसनाथ स्टेशन पर बच्ची के माता-पिता से संपर्क स्थापित कर पूरी जानकारी की पुष्टि की गई। इसके उपरांत बच्ची को आवश्यक देखरेख एवं सुरक्षा के साथ पारसनाथ स्टेशन के स्टेशन मास्टर को सुपुर्द किया गया, ताकि उसे सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा जा सके। टिकट जांच स्टाफ द्वारा की गयी त्वरित कार्रवाई एवं संवेदनशीलता के कारण बच्ची को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया जा सका। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं मानवीय सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के सातवें दिवस के अवसर पर धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेलवे प्रशासन एवं आईआरसीटीसी द्वारा प्लास्टिक मुक्त स्टेशन अभियान चलाया गया

अमन लेखनी समाचार



धनबाद। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2026 के सातवें दिवस के अवसर पर धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेलवे प्रशासन एवं आईआरसीटीसी के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों की टीम ने स्टेशन परिसर में संचालित विभिन्न खान-पान स्टालों का निरीक्षण कर वेंडर्स एवं स्टाल संचालकों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्हें प्लास्टिक के चम्मच, कांटे, ग्लास, प्लेट एवं अन्य डिस्पोजेबल सामग्री के स्थान पर लकड़ी, बांस, गन्ने की खोई (बगास) तथा मिट्टी से निर्मित इको-फ्रेंडली कटलरी एवं कुल्हड़ों के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्टेशन परिसर स्थित सभी आईआरसीटीसी वेंडर्स, फूड प्लाजा एवं खान-पान स्टालों पर सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतः समाप्त कर पर्यावरण-अनुकूल कटलरी के उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

# द्वारा रॉंग साइड ड्राइविंग रोकने हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

**सेल्फी स्टेशन/फोटो बूथ बनाकर लोगों को किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत चुर्क मोड़ सपा तिराहा पर यातायात जागरूकता ह्लसेल्फी स्टेशन/फोटो बूथह्व स्थापित कर आमजन को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ह१ङ्घल्लॅ रींी ऊ१५ल्लॅ उेंर्ल्ल्ल्ह्व, ह्लगलत साइड = हादसे की फास्ट ट्रैक टिकटह्व, ह्लभइया, सड़क शॉर्टकट नहीं होतीह्व, ह्लगलत दिशा में गाड़ी, सही दिशा में शर्मिंदगीह्व, ह्लमेरी जल्दी किसी की जिंदगी से बड़ी नहींह्व तथा ह्लजिंदगी फिल्म नहीं है, रीटेक नहीं मिलेगाह्व जैसे जागरूकता संदेशों के माध्यम से वाहन चालकों एवं राहगीरों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आमजन द्वारा सेल्फी लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित किया गया तथा रॉंग साइड ड्राइविंग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चालकों को सही दिशा में वाहन चलाने, हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं पानी देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा भी आमजन को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट लगाने तथा रॉंग साइड ड्राइविंग न करने के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी, यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह सहित यातायात पुलिस के कर्मचारीगण मौजूद रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आगे भी जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# चकाडोरी धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**विशाल कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का भारी जनसैलाब**

अमन लेखनी समाचार



ककरबई, झांसी। गौलोकवासी संत नरसिंह दास महाराज की तपोस्थली सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा से पूर्व अयोध्या से पधारे यज्ञाचार्य धनंजय दास शास्त्री ने अपने सहयोगियों के साथ मुख्य यजमान रमाकांत मिश्रा, भागवत कथा परीक्षित अंजुलता एवं हरिशंकर तिवारी सहित अन्य याज्ञिक यजमानों दिनेश अग्रवाल, बालाराम कुशवाहा, चतुर सिंह, गिरजाशंकर मिश्रा, पीतम यादव, को पंचगव्य पान कराकर शुद्धिकरण कराया। इसके बाद हनुमान जी महाराज के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम से हुआ, जो विभिन्न देवस्थानों का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में संत, विद्वान एवं श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजा लिए चल रहे थे, जबकि भागवत महापुराण को सिर पर धारण कर भक्तजन भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, घोड़ों का नृत्य और डीजे पर झूमते श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। आयोजकों ने बताया कि शनिवार से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन भागवताचार्य पंडित रमाकांत व्यास द्वारा किया जाएगा, जबकि अयोध्या धाम से पधारे रामशरण व्यास रामायणी श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। इस अवसर पर महंत राकेश दास, क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत, अमित चौरसिया, अरविंद हाटीबाले, महेशचंद्र विदुआ, लक्ष्मीनारायण शास्त्री, विकास तिवारी, अनुज द्विवेदी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, रमाकांत मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, अशोक तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, गिरजाशंकर मिश्रा, अरविंद्र बुंदेला, सत्यप्रकाश तिवारी, श्याम सिंह यादव, रामपाल यादव, हेमंत यादव, आत्माराम यादव, मेहरबान यादव, विश्वनाथ लल्ला, दिनेश अग्रवाल, रुद्रप्रकाश, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजानंदन दीक्षित, रोहित द्विवेदी, जे.जे.मिश्रा, घनाराम मिश्रा, प्रमोद रावत, दिनेश तिवारी, गुलजारी , सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



चोपन। आगामी बकरीद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर आज थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व प्रेम, भाईचारे और शांति का प्रतीक है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा करने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। इस दौरान साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में डाला चौकी इंचार्ज घनश्याम तिवारी, गुरमा चौकी इंचार्ज अतुल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मस्जिद के सेक्रेट्री महफूज आरिफ, अमित सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, लिपिक अंकित पांडेय, नजमुद्दीन इदरीश, आमिल बेग, सलीम कुरैशी, विकास चौबे, विवेक यादव, रिजवान अहमद, बंटी सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन में फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्रों पर जिलाधिकारी ने जतायी नराजगी



**कागजों में जलापूर्ति दिखाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निमार्णाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में लापरवाही, फर्जी रिपोर्टिंग एवं कागजी प्रगति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने मीडिया में प्रकाशित खबर का संज्ञान मे लेते हुए कहा कि 14 ग्रामों नेमना, झीलो, सीरसोती, करमघट्टी, पिपरहार, डुमरहर, जिगन्हवा, लीलाडेवा, अरझट, जरहा, रजमिलान, महुली, बीजपुर एवं डोडहर में ग्राम प्रधानों द्वारा दिये गये पूर्णता प्रमाण पत्र (हर घर जल प्रमाण पत्र) की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को जांच रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाये तथा फर्जी प्रमाण पत्र, बिना जलापूर्ति पूर्णता दशार्ने अथवा योजनाओं में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रधान, कार्यदायी संस्था एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिन गांवों में धरातल पर पानी नहीं पहुंचा है, वहां कागजों में योजना पूर्ण दिखाना जनता के साथ सीधा छल है और ऐसे मामलों में जवाबदेही तय कर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में योजनाओं के पम्प हाउसों पर विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं लो-वोल्टेज, बार-बार विद्युत बाधित होना एवं अनियमित सप्लाई पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रभावित पम्प हाउस का साप्ताहिक साक्ष्य सहित विवरण प्रस्तुत करें, जिससे विद्युत विभाग एवं उच्चाधिकारियों के स्तर पर तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया जा सके।

# साइबर सेल द्वारा अश्लील पोर्नोग्राफिक वीडियो सोशल मीडिया शेयर व अपलोड करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिला एवं बाल यौन शोषण से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा सोशल मीडिया एवं इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर अश्लील/पोर्नोग्राफिक सामग्री अपलोड करने वालों के विरुद्ध सतत निगरानी एवं कठोर कार्यवाही किए जाने हेतु साइबर सेल/साइबर थाना को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ठं३्रङ्घल्लंह्ल उील्लशी१ ाङ्म१ ट्र२२्रल्लॅ & ए७स्रह्लङ्घशी उँह्लशिल्ल (ठउटएउ) पोर्टल एवं साइबर ट्रिपलाइन प्रणाली (सोशल मीडिया के माध्यम सेूँह्ल ढङ्म१ल्लङ्ग१स्रँ८/अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले लोगों एवं बाल यौन शोषण से सम्बन्धित सूचना प्रदेश की कानून व्यवस्था मे लगी एजेन्सियों को सूचना देने का काम करती है।) के माध्यम से सोशल मीडिया पर उँह्ल ढङ्म१ल्लङ्ग१स्रँ८/अश्लील वीडियो अपलोड किए जाने संबंधी सूचनाएं ठउफढ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतें जनपद सोनभद्र से संबंधित पाई गईं। जांच के दौरान साइबर सेल द्वारा संबंधित यूजर की मोबाइल डिटेल, आईपी डिटेल एवं प्रोफाइल डिटेल प्राप्त की गई, जिसमें अश्लील/पोर्नोग्राफिक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने वाले 02 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं डिवाइस सत्यापन हेतु प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना धीरेन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना दुद्धी एवं थाना ओबरा पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसमें आज सफलता प्राप्त करते हुए सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम के माध्यम से इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर अश्लील/पोर्नोग्राफिक सामग्री अपलोड करने वाले सैफ को दुद्धी कस्बा से व राहुल कुमार को ओबरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

# भीषण गर्मी से राहत के लिए तहसील परिसर में शरबत वितरण



अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। भीषण गर्मी से लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से गरौठा उपजिलाधिकारी न्यायालय परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार सहित एसडीएम कार्यालय एवं तहसील स्टाफ ने आने-जाने वाले लोगों को बेल, नींबू, पुदीना एवं जलजीरा का शीतल शरबत पिलाया। आयोजकों ने बताया कि बढ़ती गर्मी और लू से बचाव के लिए यह पहल की गई, ताकि तहसील परिसर में आने वाले लोगों को राहत मिल सके। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना की। इस अवसर पर तहसीलदार अमृतलाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे, नायब तहसीलदार राधा पालीवाल, राहुल सिंह, गजेंद्र पटेल, आनंद वाल्मीकि, रिंकू नायक सहित किसान यूनियन जिला अध्यक्ष कमलेश लंबरदार, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश खरे, अजय कुमार यादव, अवधेश सिंह परिहार, बार संघ कोषाध्यक्ष राजेश सिंह परिहार, गिरीश खरे, योगेश द्विवेदी, विपिन कुमार दुबे, केदार द्विवेदी, सुधीर मोदी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# साइप्रस में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनेगी इश्का...

**मुंबई।** अंजलि भूषण मागो ने गुरुवार को अपनी फीचर फिल्म 'इश्का' की घोषणा कर दी है। करण जौहर की फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अंजली भूषण मागो जल्द ही अपनी पहली फिल्म पर काम शुरू करेंगी। 'इश्का' नाम से बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। खास बात यह है कि ये पहली ऐसी फिल्म होगी जो साइप्रस में शूट होगी। इस बारे में फिल्म के मेकर्स और साइप्रस के अधिकारियों ने शेयर की है। फिल्म 'इश्का' की शूटिंग पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने भी खुशी जताई।

लाइफ Style



# रुचि

## चेहरा छुपाकर उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने हाल ही कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और छा गईं। दरअसल, वह राजस्थानी लिबास पहने और घूंघट निकाले रेड कार्पेट पर नजर आईं, जिसने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने सदियों पुरानी घूंघट की प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो भारत के कई हिस्सों में अभी भी चली आ रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रुचि गुज्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस घूंघट प्रथा को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया, ताकि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा मिल सके। इंटरनेट की दुनिया में रुचि गुज्जर के इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। राजस्थान की रहने वालीं रुचि गुज्जर ने कान फिल्म फेस्टिवल से ग्लोबल इवेंट को फैशन के बजाय अहम सामाजिक मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस्तेमाल किया। इस कारण हर कोई उनका मुरीद हो गया है। लोगों ने उनके निडर स्वभाव और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर रुचि गुज्जर कौन हैं? कान के दौरान बातचीत में रुचि गुज्जर ने कहा, 'घूंघट कभी भी महिलाओं की पहचान नहीं बनना चाहिए। समाज में महिलाओं को समान स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लिए हमेशा साहसिक निर्णय लिए हैं, और मुझे उम्मीद है कि जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' रुचि गुज्जर ने यह भी कहा कि उन्होंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, बल्कि विरोध के रूप में पहना।

हॉलीवुड मसाला




# ही- मैन एंड... का हिंदी ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होगी। जहां अंग्रेजी ट्रेलर ने पहले ही फैंस को इटर्निया की दुनिया की रोमांचक झलक दिखाई थी, वहीं नया हिंदी ट्रेलर कुछ और भी खास लेकर आया है। इसमें खुलासा हुआ है कि जावेद जाफरी एक बार फिर अपनी आवाज से विलन स्केलेटर को जीवंत कर रहे हैं। इस बार उनके साथ उनके बेटे मीजान जाफरी भी जुड़े हैं, जो स्क्रीन पर निकोलस गैलिट्जीन द्वारा निभाए गए ही-मैन को अपनी आवाज दे रहे हैं।




# तीन दशक बाद अलग हुआ बार्बी गर्ल गाना बनाने वाला बैंड एक्वा

लॉस एंजिल्स। पॉपुलर सांग 'बार्बी गर्ल' को दुनिया भर के फैंस ने काफी प्यार दिया था। इसके साथ ही डेनमार्क के यूरोडांस समूह 'एक्वा' एक बांड के तौर पर उभरा था। मगर अब लाइव बैंड के रूप में काम न करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया के जरिए बैंड ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। डेनमार्क स्थित यूरोडांस समूह 'एक्वा' ने लगभग तीस साल बाद बैंड की समाप्ति की जानकारी फैंस को दे दी है। 1997 में रिलीज हुए गाने 'बार्बी गर्ल' से सफलता पाने वाले यह बैंड दुनियाभर में मशहूर था। 18 मई को इस खबर को प्रशंसकों से साझा करते हुए कहा, 'अलविदा कहने का यह सही समय है। जबकि संगीत, कहानी और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार बरकरार है। कई शानदार वर्षों के बाद हमने इसके लाइव बैंड के रूप में 'एक्वा' को समाप्त करने का फैसला लिया है।' 'एक्वा' बैंड के सदस्य निस्ट्रॉम, रेने डिफ और सोरेन रास्टेड ने अपनी पोस्ट में फैंस का शुक्रिया कहा।



# मिस यूनिवर्स जीत के 32 साल का जश्न

**मुंबई।** सुष्मिता सेन ने 32 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी खास पल को उन्होंने याद करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साल 1994 में सिर्फ 18 साल की उम्र में सुष्मिता ने यह इतिहास रचा था। वह मिस यूनिवर्स का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। सुष्मिता ने इस खास तस्वीर के साथ पुरानी यादों को शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इस बात के लिए बहुत आभारी हूं कि पिछले 32 साल से मेरे चेहरे पर यह मुस्कान बनी हुई है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। फिलीपींस में बिताया वह समय मुझे हमेशा याद रहेगा। आप सभी को मेरा बहुत प्यार।' 1994 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सुष्मिता सेन ने दुनिया भर की 76 सुंदरियों को पीछे छोड़कर यह खिताब जीता था।




# जेल में कैद बॉबी ने लूटा मजमा...

**मुंबई।** बॉबी देओल कॅरियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। ट्रेलर में बॉबी ने मजमा लूट लिया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म बंदर के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन, एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। बंदर के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है।

टीवी मसाला



# नए टीवी शोज की वजह से अनुपमा को लगा झटका

**नई दिल्ली।** इन दिनों कई पुराने और नए टीवी शोज दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट और इनकी रेटिंग सामने आ चुकी है। स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' सभी दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। लेकिन, अब नए शोज ने इन सबसे चर्चित सीरियल्स को पछाड़ दिया है और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन दिनों दर्शकों को पुराने चर्चित शो की जगह नए सीरियल्स ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है टीवी शो- वसुधा। दर्शक वसुधा शो को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि इस शो ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'अनुपमा' जैसे सबसे चर्चित शोज को पछाड़ दिया है। 'वसुधा' सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर जगह बनाई है। इसे 1.8 टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी एक नए शो ने अपनी जगह बनाई है। इस शो का नाम है- 'गंगा माई की बेटियां'। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' को 1.7 की रेटिंग मिली है। इस शो को पिछले हफ्ते भी यही रेटिंग और स्थान मिला था। टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। स्मृति ईरानी का सबसे चर्चित टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 1.6 की रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इसे 1.7 की रेटिंग मिली थी। चौथे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसे भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तरह 1.6 की रेटिंग मिली है। रुपाली गांगुली का सबसे चर्चित टीवी सीरियल शो 'अनुपमा' इस हफ्ते पांचवें नंबर पर है। 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसकी टीआरपी रेटिंग 1.5 है।


## 'तुम मोटी हो, तुम यहां क्यों बैठी हो?'

**नई दिल्ली।** जानी-मानी कोरियोग्राफर और टीवी जज गीता कपूर जल्द ही रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में नजर आने वाली हैं। शो के शुरू होने से पहले गीता कपूर ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग और रियलिटी शोज की स्क्रिप्टिंग को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि टीवी के शुरुआती दिनों में लोगों की बातें उन्हें काफी प्रभावित करती थीं। गीता कपूर ने कहा, 'जब हम पहली बार टीवी पर आए थे, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा नहीं था, लेकिन तब भी हेट मेल आते थे। शुरुआत में मुझे बहुत फर्क पड़ता था। लोग कहते थे, 'तुम मोटी हो, 'तुम यहां क्यों बैठी हो?', 'तुम खुद को डांसर कैसे कह सकती हो?' खासकर इसलिए क्योंकि मैं दो फिट और गुड लुकिंग पुरुषों के बीच बैठती थी। मेरे हिसाब से मैं फिट थी, लेकिन हर किसी का नजरिया अलग होता है।



# खेती का फर्स्ट लुक जारी, डर और सस्पेंस से भरी दिखी पहली झलक

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'खेती' का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया है। फिल्म हॉरर स्टोरी पर बेस्ड है। पोस्टर से फिल्म काफी सस्पेंसफुल और डरावनी नजर आ रही है। इसके साथ ही यह किसी गांव की पृष्टभूमि पर आधिरित कहानी लग रही है। फिल्म खेती अपने पोस्टर से ही काफी डर पैदा करती है। पोस्टर में चारों तरफ खेत हैं। इन्हीं के बीच में एक चेहरा दिखाई दे रहा है। जो स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता कि किसका है। मगर एक डार्क वाइब क्रिएट करता है। फिल्म खेती में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री नेहा सरगम भी इस फिल्म से बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। इसके अलावा वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। फिल्म खेती के पहले



जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का फैंस को इंतजार है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी।

# हसरत ने हिंदू प्रेमिका की शादी वाले दिन लिखा था 'दिल के झरोखे में' गाना...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज लिरिसिस्ट कुछ ऐसे गाने लिख गए जिन पर आज भी चर्चा होती है। ऐसा ही एक गाना है हसरत जयपुरी का लिखा गाना दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। यह गाना शम्मी कपूर पर फिल्माया गया है। वह शूट के वक्त मुश्किल से अपने आंसू रोक पाए थे। कम लोग जानते हैं कि हसरत जयपुरी ने जिस दिन यह गाना लिखा था, उनकी प्रेमिका की शादी थी। वह जिसे पसंद करते थे वह हिंदू थी। धर्म की वजह से दोनों नहीं मिल सके और उसकी डोली उठी तो हसरत ने उसकी यादों को दुल्हन बनाकर दिल के पास रखने का फैसला लिया।



## जब शम्मी कपूर नहीं रोक पाए अपने आंसू

इस गाने की शूटिंग से जुड़ा किस्सा भी इंट्रेस्टिंग है। इंडियन आइडल के एपिसोड में मनोज मुंतशिर ने बताया था कि गाना गाने के लिए शम्मी कपूर ने पहले मना कर दिया था। उन्होंने जब गाना सुना तो इस सिचुएशन को विजुअलाइज किया। वह इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और उनके आंसू आने लगे। उन्होंने गाना सुनकर मना कर दिया और बोले, प्लीज इसे बदल दो। दरअस,ल इस सीन में उनको रोना नहीं था। शम्मी को लग रहा था कि सीन में घुस गए तो आंसू रोकना मुश्किल हो जाएगा।

## लड़कपन में लिखा था गाना

हसरत जयपुरी ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन गाने दिए। वह छोटी उम्र से ही गीत लिखने लगे थे। जब बड़े हुए तो कच्ची उम्र के प्यार के दौरान लिखे गए गाने उन्होंने फिल्मों में दे दिए। ऐसा ही एक गाना था दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। हसरत जयपुरी को उनके पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार था। उस जमाने का प्यार बस आंखों-आंखों में और लव-लेटर वाला होता था। हसरत राधा के लिए लव-लेटर और गाने लिखते, लेकिन दे नहीं पाते थे। इसी डर में उन्होंने लिख डाला था, ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना।

## धर्म की वजह से नहीं बनी बात

दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। लेकिन धर्म अलग था तो राहें अलग होनी ही थीं। एक दिन आया जब राधा की शादी हो गई। हसरत को कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन अपने दर्द को उन्होंने गाने का रूप दिया। उन्होंने लिखा, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर, रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जां उदास...शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी की सिचुएशन पर यह गाना फिट बैठ गया। हसरत ने यह गाना दिया।

## मनोरंजन का लगेगा मेला, वीकेंड में लोगों की दूर होगी बोरियत

# आज ओटीटी और थिएटर्स में आएंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। हर शुक्रवार सिने प्रेमियों के लिए बेहद स्पेशल होता है। फ्राइडे टू फ्राइडे न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों और सीरीज का भूचाल आता है, बल्कि सिनेमाघर भी नई-नई मूवीज के साथ जगमगा उठते हैं। तो चलिए देर किस बात की है, फटाफट से देख लेते हैं मई के चौथे शुक्रवार की रिलीज की पूरी लिस्ट, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी में आपको घर से बाहर न निकलना पड़े और वीकेंड पर आपकी बोरियत भी दूर हो जाए।*



**सिस्टम** : सिस्टम एक कोर्टरूम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और नेहा राजवंश मुख्य भूमिका में हैं, जो सरकारी वकील बने हैं। 10 हाई प्रोफाइल मामलों को जीतने और अपने पापा की लॉ फर्म को सिक्योर करने के लिए वह सारिका रावत (ज्योतिका) के साथ एक अलाइंस बनाते हैं। साथ मिलकर किसी तरह वह सिस्टम में रहकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, कहानी इस बारे में हैं। रिलीज डेट- 22 मई, टफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

**मधुविधू** : मलयालम भाषा में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमुथराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैचलर है और एक अव्यवस्थित मेल हाउस में रहता है। उसकी दुनिया तब घूमती है, जब उसे स्नेहा नाम की लड़की से मोहब्बत हो जाती है। वह इंटरफेथ मैरिज को लेकर आने वाली मुश्किलों को तो पार कर लेते हैं, लेकिन फिर उन्हें पुरुषों से भरे हाउस में आगे की जिंदगी जीने में परेशानी आती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

**वॉरंट** : वॉरंट एक छोटे से कस्बे के कांस्टेबल कोट्टई करप्पुसामी की कहानी है। कोट्टई को उसके घर के बड़ों ने हमेशा बुली किया और साथ ही उसका अपमान किया। कई सालों तक यह दर्द झेलने के बाद वह एक क्रूर अपराधी में बदल जाता है, जिसका अंत बेहद दर्दनाक होता है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

**चांद मेरा दिल** : अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस रोमांटिक ड्रामा कहानी में दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कॉलेज की जर्नी से लेकर एडल्टहुड तक के खूबसूरत सफर को दिखाया गया है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**स्टार वॉर्स: द मंडलोरियन एंड ग्रोगु** : जॉन फेवरोऊ के निर्देशन में बनी स्टार वॉर्स: द मंडलोरियन एंड ग्रोगु को स्पेशल तौर पर आईमैक्स के लिए तैयार किया गया है। यह डिज्नी की लोकप्रिय सीरीज की कहानी को आगे बढाती है, जिसमें बाउंटी हंटर डिन जारिन और उसका छोटा सा साथी ग्रोगु एक खतरनाक मिशन पर निकलते हैं। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- वॉर ड्रामा।

***लेडीज फर्स्ट*** *: महिलाओं के बीच लोकप्रिय डेमियन की जिंदगी तब पूरी तरह से उथल-पुथल होती है, जब वह दूसरी दुनिया में जाकर वह खुद को एक महिला के साथ पाता है, जो उसे डोमिनेट करती है। नियमों के बदलाव के साथ डेमियन को अपनी सख्त बॉस, एलेक्स फॉक्स का सामना करना पड़ता है, जो दूसरी दुनिया में उसके अंडर में काम करने वाली एम्पलॉय है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- डार्क कॉमेडी ड्रामा।*

***गैबी डॉलहाउस: द मूवी*** *: इन गैबी डॉलहाउस: द मूवी की कहानी वैंडमा गीगी और गैबी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कैट फ्रांसिस्को के लिए ट्रेवल करते हैं। यात्रा के दौरान गैबी की मैजिकल डॉल खिसककर कहीं दूर चली जाती है और उसे एक व्यवसायी बिल्ली खरीद लेती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी कॉमेडी।*

***स्कायमेड सीजन 4*** *: स्कायमेड के नए सीजन में कहानी उत्तरी कनाडा के मुख्य इलाके में तैनात एक एयर एम्बुलेंस क्रू की कहानी इस सीजन में आगे बढ़ेगी, जहां वह कॉर्पोरेट के उन बॉस के खिलाफ लड़ते हैं, जो पेशेंट से ज्यादा प्रॉफिट को वैल्यू करते हैं। रिलीज डेट-22 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- मेडिकल ड्रामा।*